हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, सोमवार, 29 जनवरी 2024

12 आज रतिया पहुंचेगी कांग्रेस की जन संदेश यात्रा...



12 अध्यापकों की भर्ती युवाओं के साथ धोखा : राजपाल



## खबर संक्षेप

### मकान से हजारों का सामान चोरी

**फतेहाबाद।** दरियापुर पुलिस चौकी में दी शिकायत में ढाणी चाननराम निवासी महिला मनजीत कौर ने कहा है कि वह अपने मायके मोहम्मदपुर सौत्र गई थी। उसे सूचना मिली कि उसके मकान का दरवाजा खुला पड़ा है। घर पहुंचकर जब उसने सामान की जांच की तो पाया कि अज्ञात चोर उसके मकान से सोने का मंगलसूत्र, चांदी की चार चूड़ियां, चांदी के कंगन, 5 हजार रुपये और इन्वर्टर की बैटरी को चोरी कर ले गया है।

### मोबाइल टावर से हजारों की केबल चोरी

**फतेहाबाद।** पुलिस को दी शिकायत में गांव शामसुख जिला हिसार निवासी रोशन लाल ने कहा कि कुछ दिन पूर्व शाम को उसके पास कम्पनी से फोन आया कि उसकी एक साइट जोकि गांव खाराखेड़ी में मेन हाइवे पर स्थित है, वह साइट डाउन है। सूचना के बाद जब वह साइट पर पहुंचा तो देखा कि वहां लगे टावर से 50-60 मीटर केबल गायब था। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जिले से युवती सहित दो लोग लापता, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** पुलिस को दी शिकायत में हनुमान नगर, दमकौरा रोड, टोहाना निवासी एक श्याम लाल ने कहा है कि उसका लड़का पवन कुमार 26 जनवरी की शाम को बिना बताए घर से गया था और उसके बाद वह वापस घर नहीं लौटा है। दूसरे मामले में सदर फतेहाबाद पुलिस को दी शिकायत में गांव बीघड़ निवासी एक व्यक्ति ने कहा है कि उसकी लड़की सुबह करीब 11 बजे बिना बताए घर से चली गई है और वापस घर नहीं लौटी है।

### कलोठा में डेरा श्रद्धालुओं ने की नामचर्चा

**रतिया।** गांव कलोठा में डेरा सच्चा सौदा श्रद्धालुओं द्वारा नामचर्चा का आयोजन किया गया। नामचर्चा का शुभारंभ बहादुर भुंदड़वास ने नारा लगाकर किया। नामचर्चा में कविराजों ने ग्रंथों के माध्यम से अपनी मधुर वाणी से सुंदर-सुंदर भजन व शब्द बोलकर साध-संगत को निहाल किया। मौके पर काला, सुरेश, मंगा, खुशी राम, जुगनी, सरपंच मुरारी लाल, विजय, सुरेश कुमार, केवल, तुलसी, गुरलाल, डॉ अनिल, सतीश आदि उपस्थित थे।

### विनय चंद्र महाराज की दीक्षा जयंती 30 को

**रतिया।** विनय चंद्र महाराज की दीक्षा जयंती 30 जनवरी को पंजाब के मूनक में जय मुनि महाराज के चरणों में मनाई जाएगी। एसएस जैन सभा रतिया के प्रधान संजय जैन ने बताया कि दीक्षा जयंती समारोह में रतिया से अनेक श्रद्धालु भाग लेंगे।

### फतेहाबाद से दो मोटरसाइकिल चोरी


**फतेहाबाद।** पुलिस को दी शिकायत में गांव गोरखपुर निवासी मनदीप कुमार ने कहा है कि गत दिवस वह अपनी मोटरसाइकिल को स्कूल के बाहर खड़ी की। कुछ देर बाद जब वह वापस आया तो वहां से उसकी मोटरसाइकिल गायब थी। टोहाना पुलिस को दी शिकायत में आदर्श कालोनी, टोहाना निवासी रमेश ने कहा है कि वह अपनी बाइक पीएनबी बैंक के पास खड़ी की। वहां से उसकी मोटरसाइकिल गायब थी।

### रतिया में पिस्तौल सहित युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नाजायज हथियार रखने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक की पहचान अपना नाम सोनी उर्फ रघु निवासी जाखल दादी ढाणी, रतिया के रूप में हुई है। सीआईए स्टाफ फतेहाबाद पुलिस की टीम एएसआई अवतार के नेतृत्व में रतिया पर बड़ी नहर पुल पर से युवक को दबोचा।

## बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं व आमजन ने सुना 'मन की बात' कार्यक्रम

# प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात देश निर्माण में निभाती है महत्वपूर्ण भूमिका



**फतेहाबाद।** एमपी रोही में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात सुनते भाजपा जिलाध्यक्ष।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को रविवार को भाजपा जिलाध्यक्ष बलदेव ग्रोहा के नेतृत्व में जिलेभर में बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं ने आमजन के साथ उत्साहपूर्ण सुना। इसी कड़ी में भाजपा के जिलाध्यक्ष बलदेव ग्रोहा ने स्वयं एमपी रोही में बीजेपी नेता राजेन्द्र गोदारा के निवास पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात सुनी। इस अवसर पर जिला महामंत्री जगदीश शर्मा, सुखदेव मौजूद रहे। कार्यक्रम के उपरांत अपने संबोधन में जिलाध्यक्ष बलदेव ग्रोहा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी केवल अपने मन की बात देशवासियों से नहीं करते, बल्कि राष्ट्र की मन की बात अपने माध्यम से देशवासियों से करते हैं। पिछड़े, दबे कुचले वर्ग जो अपनी मेहनत, मजदूरी से आत्म निर्भर बनकर देशवासियों के लिए प्रेरणा बनने का काम रह रहे हैं, हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मन की बात के कार्यक्रम के माध्यम से ऐसे लोगों की मन की बात को देशवासियों तक पहुंचा रहे हैं। उनके दैनिक दिनचर्या व जीवन शैली को इस कार्यक्रम के माध्यम से चित्रित कर देशवासियों में प्रेरणा लाने का प्रयास करते हैं। यह साधारण बात नहीं है। बलदेव ग्रोहा ने कहा कि पीएम मोदी के मन की बात से पूरा देश उत्साहित, प्रोत्साहित व प्रेरणात्मक बनता है। आत्म निर्भर भारत के निर्माण में पीएम नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम एक प्रकार से संजीवनी का काम करता है। बलदेव ग्रोहा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नए भारत के निर्माण से लेकर विकसित भारत का सपना संजोया है। एक एक भारतवासी पीएम मोदी की कार्यकुशलता का कायल है। पीएम नरेन्द्र मोदी ने भारत देश को पूरे विश्व में एक उम्मीद के रूप में उभारा है।

## विधायक ने सुनी मोदी के मन की बात



**रतिया।** कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर प्रधानमंत्री के मन की बात सुनते हुए विधायक लक्ष्मण नापा। फोटो : हरिभूमि

**रतिया।** विधायक लक्ष्मण नापा ने रविवार को गांव जल्लोपुर में अपने निवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को कार्यकर्ता के बैठकर सुना। मन की बात कार्यक्रम के उपरांत विधायक लक्ष्मण नापा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम मोदी के मन की बात से पूरा देश उत्साहित, प्रोत्साहित व प्रेरणात्मक बनता है। आत्म निर्भर भारत के निर्माण में पीएम नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम एक प्रकार से संजीवनी का काम करता है तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज भी मन की बात कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी से राष्ट्र के प्रति अपने लोकतांत्रिक एवं सामाजिक दायित्वों के प्रति सचेष्ट होकर राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान देने का आग्रह किया। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नए भारत के निर्माण से लेकर विकसित भारत का सपना संजोया है। एक एक भारतवासी पीएम मोदी की कार्यकुशलता का कायल है। पीएम नरेन्द्र मोदी ने भारत देश को पूरे विश्व में एक उम्मीद के रूप में उभारा है। नए भारत का निर्माण किया है। आज केन्द्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से देशवासी आत्म निर्भर बन रहे हैं। सशक्त भारत का उदय हो रहा है। पीएम नरेन्द्र मोदी की इसी कार्यशैली के आधार पर आगामी लोकसभा चुनावों में देशवासी तीसरी बार उन्हें अपना प्रधानमंत्री अवश्य बनाएंगे।

## ग्रामीणों ने ट्रेनों के ठहराव के लिए पूर्व राज्यपाल का जताया आभार



**सिरसा।** पूर्व राज्यपाल प्रो. गणेशीलाल का आभार व्यक्त करते डिंग मंडी के ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

डिंग मंडी रेलवे स्टेशन पर हरियाणा एक्सप्रेस व जींद जाने वाली ट्रेनों का 26 जनवरी से डिंग स्टेशन पर ठहराव को लेकर डिंग मंडी के ग्रामीणों ने रविवार को ओडिशा के पूर्व राज्यपाल प्रो. गणेशीलाल का उनके आवास पर पहुंचकर आभार जताया। इस मौके पर मनीष सिंगला भी मौजूद थे। दरिया सिंह पचार सरपंच प्रतिनिधि डिंग मंडी, दलीप सिंह, रमेश कुमार, मिलाप सिंह, रामदत पूनियां, रोहित पचार, कृष्णलाल खत्री, भगवानदास खत्री, मुकेश फुटेला, राहुल बंसल, सुदेश पचार, मनोहरलाल ने संयुक्त रूप से बताया कि कोविड के कारण हरियाणा एक्सप्रेस व जींद से आने वाली दोनों टे्रनें बंद कर दी गई थी, जिसके कारण 24 गांवों के ग्रामीणों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। खासकर विद्यार्थियों व गुड़गांव जाने वाले यात्रियों को खासी परेशानियों से दोचार होना पड़ रहा था। वे या तो सिरसा जाते या फिर भट्टू जाकर ट्रेन पकड़नी पड़ती थी। उन्होंने बताया कि समस्या को देखते हुए ग्रामीणों ने पूर्व राज्यपाल प्रो. गणेशीलाल से आग्रह किया था कि इन दोनों ट्रेनों का ठहराव डिंग मंडी रेलवे स्टेशन पर फिर से करवाया जाए। पूर्व राज्यपाल ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया था कि उनकी समस्या का तुरंत समाधान करवाया जाएगा। पूर्व राज्यपाल ने ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए पैरवी की और दोनों ट्रेनों का ठहराव 26 जनवरी से फिर से डिंग मंडी रेलवे स्टेशन पर करवाया। ग्रामीणों ने कहा कि पूर्व राज्यपाल को डिंग मंडी क्षेत्र को उप तहसील का दर्जा दिलवाने के लिए भी ज्ञापन दिया गया है। वहीं पूर्व राज्यपाल ने कहा कि ग्रामीणों की मांग पर देनों ट्रेनों का ठहराव 26 जनवरी से कर दिया गया है। उप तहसील का दर्जा दिलवाने की मांग को भी जल्द से जल्द पूरा करवाया जाएगा ताकि समस्याओं का सामना न करना पड़े।

# जट्ट भाईचारा वेलफेयर एसो. के प्रधान बने हरदेव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जट्ट भाईचारा वेलफेयर एसोसिएशन की मीटिंग रविवार को बरनाला रोड स्थित निजी पैलेस में हुई। मीटिंग में सर्वसम्मति से हरदेव सिंह भुल्लर को प्रधान, बच्चन सिंह ढींडसा को सचिव व बलवीर सिंह भिंडर को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। पूर्व सचिव सुखजिंद्र सिंह सिद्धू व कोषाध्यक्ष गुरजंट सिंह गिल ने अपने कार्यकाल का लेखा जोखा दिया। हरदीप सिंह सरकारिया ने पूर्व प्रधान कुलवंत सिंह सिद्धू की अध्यक्षता में किए गए कायार्ें की प्रशंसा की व नई टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह सबको साथ लेकर जट्ट भाईचारा को और बुलंदियों पर लेकर जाएं। नवनिर्वाचित प्रधान हरदेव सिंह भुल्लर ने उनको सौंपी गई जिम्मेदारी के लिए जट्ट भाईचारा के सभी मेंबरों को आश्वस्त किया कि वह सबको साथ लेकर भाईचारा की ओर मजबूती के लिए कार्य करेंगे। परमजीत सिंह गिल जट्ट भाईचारा परिवार में शामिल हुए। संत प्रकाश सिंह ने नए मेंबर का स्वागत किया और जट्ट भाईचारा की कार्य प्रणाली व उपलब्धियां के बारे में विस्तार से बताया। सचिव बच्चन सिंह ढींडसा ने जट्ट भाईचारा आगामी कार्यक्रमों के बारे में कहा कि मार्च के महीने में अमावस्या वाले दिन हर बार की तरह गुरुद्वारा चिल्ला साहिब में खरीफ सीजन की सब्जियों के बीज बांटे जाएंगे। मौके पर गुरविंद्र सिंह घुम्मन, छिंद्रपाल सिंह भंगू, भूपेंद्र सिंह पन्नीवालिया, गुरतेज सिंह बराड़, गुरजीत सिंह मान आदि थे।



**सिरसा।** जट्ट भाईचारा वेलफेयर एसोसिएशन के चुने गए पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए सदस्य। फोटो : हरिभूमि

# खालसा कॉलेज के 4 छात्रों ने की नेट उत्तीर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

खालसा त्रिशताब्दी राजकीय महाविद्यालय, रतिया के एमए पंजाबी के चार विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण कर सफलता की नई इबारत लिखी। महाविद्यालय की उप प्राचार्या डॉ. सुमित्रा सांगवान ने छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर पंजाबी विभागाध्यक्ष डॉ.बीरबल सिंह ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह महाविद्यालय के लिए बड़े गर्व की बात है कि महाविद्यालय के चार विद्यार्थियों ने दिसंबर में आयोजित राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण की। महाविद्यालय के नेट उत्तीर्ण अभ्यार्थियों अमनदीप कौर, सुनिधि चौहान, सुनीता रानी व कुलदीप सिंह ने अपनी सफलता का श्रेय प्राध्यापक डॉ. बीरबल सिंह व प्रो. सरबजीत सिंह को दिया। महाविद्यालय से प्रतिवर्ष एमए पंजाबी के विद्यार्थी नेट की परीक्षा उत्तीर्ण करते हैं।



**रतिया।** नेट की परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को सम्मानित करते स्टाफ सदस्य।

# 20 जिले भूजल फ्लोराइड से दूषित

- 136 स्थान का भूजल फ्लोराइड से दूषित : डॉ. कुलदीप सिंह ढींढसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जननायक चौधरी देवीलाल विद्यापीठ सिरसा के महानिदेशक डॉ. कुलदीप सिंह ढींडसा ने बताया कि हरियाणा के 20 जिलों में 136 स्थान ऐसे हैं जहां का भूजल फ्लोराइड से दूषित है तथा पीने के लिए पूर्णतया अयोग्य और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। यह निष्कर्ष केंद्रीय भूजल बोर्ड द्वारा हरियाणा जल संसाधन प्राधिकरण के साथ आर्सेनिक तथा फ्लोराइड से संबंधित डाटा सांझा करने वाली रिपोर्ट से उभरकर सामने आया है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय भूजल बोर्ड के अनुसार 1.5 मिलीग्राम/लीटर से अधिक फ्लोराइड सांद्रता वाला पानी पीने के लिए उपयुक्त नहीं है। फ्लोराइड की उच्च सांद्रता (1.5 मिलीग्राम/लीटर या अधिक) के परिणामस्वरूप दांतों के इनेमल पर दाग पड़ जाते हैं, जबकि और अधिक स्तर (5 और 10 मिलीग्राम/लीटर के बीच) के कारण पीठ में कठोरता और प्राकृतिक गतिविधियों को करने में कठिनाई जैसे रोग हो जाते हैं। डॉ. ढींडसा का कहना है कि रिपोर्ट के अनुसार सिरसा में 20, हिसार में 18, भिवानी में 13, जींद में 12 और पानीपत में 10 स्थान ऐसे हैं जहां भूजल में फ्लोराइड अनुमेय स्तर से अधिक है। दूसरी ओर, हरियाणा के 18 जिलों की 51 बस्तियों में भूजल आर्सेनिक से दूषित है।

# पिछड़ा वर्ग महासम्मेलन को लेकर बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

आगामी 17 फरवरी को हिसार में होने वाले पिछड़ा वर्ग महासम्मेलन को लेकर स्थानीय कांग्रेस भवन में बैठक हुई। इस बैठक में विशेष तौर पर सेवानिवृत्त आईएएस एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता चंद्र प्रकाश पहुंचे और उपस्थित कांग्रेसजनों को संबोधित किया। चंद्र प्रकाश ने इस अवसर पर कहा कि पिछड़ा वर्ग के सभी प्रतिनिधियों को एकत्रित कर पिछड़ा वर्ग समस्याओं को लेकर चर्चाएं की गई है। 17 फरवरी को पिछड़ा वर्ग का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन होगा, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा मुख्यातिथि होंगे, जबकि प्रदेशाध्यक्ष उदयभान व दीपेंद्र सिंह हुड्डा सहित अन्य पिछड़ा वर्ग नेता शिरकत करेंगे। इस सम्मेलन में पूरे प्रदेश से लोग शिरकत करेंगे। इस मौके पर ओबीसी सेल उपाध्यक्ष शिल्पा वर्मा एडवोकेट, सरपंच सुरेन्द्र सुथार बि'जूवाली, जिला परिषद सदस्य ओमप्रकाश फौजी, पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के प्रधान रामानंद निरानिया, कुलवंत सुथार, देवीलाल सुथार, कैलाश कंबोज, कृष्ण जांगड़ा, साहब राम सुथार, रामनिवास सुथार, दलीप जांगड़ा, सीमा कंबोज व सोनिया चौहान इत्यादि मौजूद थे।



**सिरसा।** बैठक को संबोधित करते कांग्रेस नेता चंद्र प्रकाश। फोटो : हरिभूमि

## वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने जर्मन ड्रीम्स इंस्टीट्यूट का किया उद्घाटन

# वैश्वीकरण के दौर में नई भाषा सीखने से लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. वीरेंद्र सिवाच ने जर्मन ड्रीम्स इंस्टीट्यूट में बतौर मुख्य अतिथि पहुंच कर इंस्टीट्यूट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मौजूद छात्रों व लोगों को संबोधित करते हुए डॉ. सिवाच ने कहा कि वैश्वीकरण के इस दौर में नई भाषा को सीखने के कई लाभ हैं। यह आपको करियर के नए मौके भी उपलब्ध कराती है। उन्होंने कहा कि जब आप नई भाषा सीखते हैं तो मस्तिष्क को जटिलता का सामना करना पड़ता है क्योंकि यह नए पैटर्न को समझता है, इससे दिमागी क्षमता में वृद्धि होती है। नई भाषा सीखने से आप समस्याओं का समाधान भी आसानी से कर पाते हैं। एक नई भाषा को सीखने पर आप न केवल नए शब्दों और नियमों से परिचित होते हैं बल्कि इस ज्ञान को याद भी करते हैं जिससे याददाश्त बढ़ती है। इससे निर्णय लेने की क्षमता में भी वृद्धि होती है।

डॉ. वीरेंद्र सिवाच ने कहा कि आप किसी नई नौकरी, ज्ञान में वृद्धि या फिर अनौपचारिक बातचीत के लिए नई भाषा सीख रहे हों, इससे आपके भाषा कौशल में वृद्धि होती है। उम्र के किसी भी पड़ाव पर नई भाषा सीखी जा सकती है। इसके अलावा, यह हमें अन्य देशों, संस्कृतियों और परंपराओं को हमारे लोगों से पूरी तरह से अलग समझने में भी मदद करेगा, इस प्रकार जीवन के लिए बहुत अधिक दृष्टिकोण प्राप्त होगा। डॉ. वीरेंद्र सिवाच ने कहा कि आजकल गौर करें तो अधिकतर कंपनी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापार करती हैं तो ऐसे में दूसरी भाषा का ज्ञान होना जरूरी है। गौरतलब है कि दूसरी भाषा सीखने से एक अलग संस्कृति वाले समुदाय का हिस्सा बनने और हमारे आस-पास की दुनिया के बारे में अधिक जानने का अवसर मिलता है। डॉ. वीरेंद्र सिवाच ने कहा कि यदि जर्मनी या जर्मन भाषा की बात की जाए, तो पूरे यूरोप में सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा यही है। इसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि जर्मनी यूरोप की सबसे प्रभावशाली अर्थव्यवस्था वाले देशों में से एक है। अगर आप यूरोप में व्यवसाय करते हैं या व्यवसाय करने की योजना बना रही हैं, तो जर्मन सीखने से अच्छा कुछ भी नहीं है। अगर सीखने और सिखाने की बात की जाए, तो इससे अच्छी और उपयोगी भाषा कुछ नहीं है, इसलिए कोशिश करें कि इस भाषा को भी सीख लें। मौके पर जर्मन ड्रीम्स इंस्टीट्यूट के मैनेजिंग डायरेक्टर पिंकी, परमजीत सिंह संधू आदि मौजूद थे।




**फतेहाबाद।** जर्मन ड्रीम्स इंस्टीट्यूट का उद्घाटन करते डॉ. विरेन्द्र सिवाच। फोटो : हरिभूमि

## महिला कॉलेज में महिलाओं के कानूनी अधिकार विषय पर व्याख्यान आयोजित



**फतेहाबाद।** महिला कॉलेज में आयोजित व्याख्यान में मौजूद छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

चौधरी मनीराम गोदारा राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा को शनिवार को प्राचार्य डॉ. राजेश मेहता की अध्यक्षता में महिला सेल और प्लेसमेंट सेल के संयुक्त तत्वाधान में महिलाओं के कानूनी अधिकार पर एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि महिलाओं को अपने अधिकारों के बारे में जागरूक होना बहुत जरूरी है। इस अवसर पर एडवोकेट सुमन लता सिवाच ने छात्राओं को बताया कि भारत सरकार ने महिलाओं को कई अधिकार दिए हैं।लैंगिक समानता हो या नौकरी- चाकरी में पुरुषों के बराबर की हिस्सेदारी, गरिमा और शालीनता से जीने का अधिकार हो या अफसर दफ्तर में उत्पीड़न से सुरक्षा, महिलाओं से जुड़े ऐसे कई अधिकार है जिनके बारे में हमें जरूर जानना चाहिए। इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ प्रभारी सहायक प्रोफेसर मंजूबाला और प्लेसमेंट सेल के प्रभारी डॉ. मोहिंदर कुमार और कमेटी के सभी सदस्य मौजूद रहे।

*गोपियों का वियोग - वर्णन , वर्णन के लिए ही है उसमें रिस्थितियों का अनुरोध नहीं है । राधा या गोपियों के विरह वह तीव्रता और गंभीरता नहीं है जो समुद्र पार अशोक जन में बैठी सीता के विरह में है ।*

**-आचार्य रामचंद्र शुक्ल**




*ऐसा नहीं था कि मम्मी को मेरे इस हुनर का पता नहीं था पर दादा-परदादा के समय से ही मेरे घर में केवल पढ़ाई को ही तवज्जो दी जाती रही है। कला और संगीत तो चंद समय के लिए बोरियत से उबारने के साधन रहे थे। इन विषयों में कोई उपलब्धि पाना पापा के लिए कोई मायने नहीं रखता था।*




# ऑल राउंडर

**कहानी** | **डॉ. कविता विकास**



नहीं.. तुम मेरे फैसले के विरोध में नहीं जा सकते। अभी इस काबिल नहीं हुए हो कि बड़े-बड़े निर्णय लेने लगो। पापा का सख्त, सपाट उत्तर सुनकर बड़ी निराशा हुई। बात दरअसल यह थी कि मैं दसवीं के बाद साइंस स्ट्रीम छोड़कर आर्ट लेना चाहता था। ड्राइंग और पेंटिंग में मेरी रुचि थी। मैंने पापा के समक्ष एक और दलील दी, 'आज कल हर स्ट्रीम में सम्भावनाएं हैं। अपने शौक को पूरा करने का अभी ही तो मौका है।' पर पापा कहाँ सुनने वाले थे! विद्यालय के प्रत्येक वार्षिक महोत्सव में मेरे नाम कई मेडल और पुरस्कार होते थे,पर इसकी खुशियां बांटने के लिए घर में कोई नहीं। पापा पेंटिंग को एक तुच्छ विषय मानते थे। मेरा बड़ा भाई अमित पढ़ाई में बहुत अच्छा था और मैं बिलकुल साधारण। अमित भैया पापा की आँखों का तारा थे। वे अक्सर उनका उदाहरण देते, 'अमित ने इस बार भी अपनी कक्षा में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। इसके कारण समाज में लोग मुझे इज्जत की नज़र से देखते हैं।'यह वाक्य मैं पापा की जुबां से तब से सुनता आ रहा हूँ जब से मैंने नर्सरी में दाखिला लिया था। अमित मुझसे पांच साल बड़ा था। मुझे बेहद प्यार करता था। कभी-कभी पापा मेरे लिए ड्राइंग की कॉपी लाने में आना-कानी करते तो वह अपनी ज़िद से मंगवा देता था।

गणित मुझे बहुत उबाऊ विषय लगता। कक्षा में जब गणित की पढ़ाई होती रहती, मैं चुपचाप अंतिम पेज में ड्राइंग बनाता रहता। एक बार तो मैंने सर की हुबहू सूरत बना दी। यह बात तभी से हवा की तरह फ़ैल गयी कि आनंद बहुत अच्छा चित्रकार है।

ऐसा नहीं था कि मम्मी को मेरे इस हुनर का पता नहीं था पर दादा-परदादा के समय से ही मेरे घर में केवल पढ़ाई को ही तवज्जो दी जाती रही है। कला और संगीत तो चंद समय के लिए बोरियत से उबारने के साधन रहे थे। इन विषयों में कोई उपलब्धि पाना पापा के लिए कोई मायने नहीं रखता था। मम्मी दबी जबान में मेरी तरफदारी करतीं पर इसमें भविष्य बनाना एक जोखिम भरा निर्णय समझती थीं। अक्सर माँ कहतीं, 'बेटा एक पेंटर बनकर तुम कैसे जीवन चला पाओगे? इसमें कोई निश्चित आय नहीं है। हमारे देश में इसका कोई भविष्य नहीं। 'मैं बड़े पेसोपेश में उनके इस तर्क के सामने निरुत्तर हो जाता। आखिर माँ गलत भी नहीं थीं।

दसवीं के बाद पापा के थोपे हुए आदेश के कारण मुझे अपना पसंदीदा विषय छोड़कर गणित और विज्ञान लेना पड़ा। ऐसा नहीं था कि मैं साइंस में कच्चा था, बस पसंद की बात थी। बारहवीं में कड़ी मेहनत की। अमित भैया की तरह टॉप तो नहीं किया पर उम्मीद से ज्यादा अच्छे परिणाम आये। इस दौरान मेरे रंग, पेंसिल, कलर, ब्रश आदि एक बक्से में बंद हो गए थे। पापा ने सख्त हिदायत दे रखी थी कि बारहवीं तक इन्हे छूना नहीं है।

बारहवीं के बाद मेरा दाखिला बंगलोर के एक इंजीनियरिंग कॉलेज में हुआ। हॉस्टल जाते वक्त माँ ने मेरे कपड़ों के बक्से में चुपचाप मेरा पेंटिंग किट रख दिया । बंगलोर की मोहक वादियों में मेरे अंदर का छुपा चित्रकार फिर जाग उठा। एक बार फिर से हाथों ने ब्रश और पेंट थाम लिया। देखते-देखते मेरा कमरा जिसमे एक और सहपाठी रहता था, हॉस्टल का सबसे सुन्दर कमरा हो गया। दीवारों पर लगे नयनाभिराम चित्र और पोस्टर सभी को बेहद भाते थे। पहला और दूसरा साल समाप्त हो गया। छुट्टियों में घर जाता तो पापा काफी खुश नज़र आते। कॉलेज से फीड बैक जाता कि मैं क्लास के श्रेष्ठ छात्रों में से एक हूँ। तीसरे साल प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाना था जिसके कारण गर्मी की छुट्टियों में मुझे हॉस्टल में ही रहना था। यूँ तो बंगलोर में गर्मी ज्यादा नहीं पड़ती फिर भी दोपहर बड़ा लंबा लगता। मेरे रूम पार्टनर की कमी खलती थी। उसकी अनुपस्थिति में दोपहर में बहुत बोरियत होती। इन्ही दिनों हॉस्टल में लिपाई-पुताई का काम भी हो रहा था। मेरा कमरा पहले तल्ले पर था। डिस्टेंपर के कारण कॉरिडोर बड़ा सुन्दर लगता था। एक दिन दोपहर में मैंने अपने कमरे के बगल वाली दीवार पे एक सुन्दर चित्रकारी कर डाली और रंग भी भर दिया। अंदर ही अंदर डर रहा था कि हॉस्टल इंचार्ज से इज़ाज़त लिए बिना ऐसा किया है, कहीं डाँट न पड़े, पर तीन दिनों तक वे राउंड पर नहीं आये। इस बीच मैंने पूरे कॉरिडोर में चित्रकारी कर दी। चौथे दिन रात में इंचार्ज सर राउंड पर आये। उस समय रात के नौ बजे थे। लड़के तो कम ही थे और सभी अपने-अपने कमरों में थे। कॉरिडोर की मद्धम रौशनी में दीवारों पर के चमकते हुए रंगों में उकेरे पेड़-पौधे, देवता, नदी, पहाड़-सूर्य मानो जीवित हो उठे। धीमी रौशनी में नहाते गहरे चमकीले रंगों में सजी दीवारों पर इंचार्ज सर मंत्रमुग्ध हो गए थे। दूसरे दिन मुझे कॉलेज बुलाया गया। लम्बी दुपहरिया में मुझे दीवारों पर रंग भरते फर्स्ट फ्लोर के सफाई कर्मचारियों ने देखा था, जिन्होंने इस छिपे आर्टिस्ट की जानकारी सर को दे दी थी। मुझे सर ने सख्त निर्देश दिया कि बाकी के दो तल्लों की दीवारों को भी ऐसी ही चित्रकारी से भर दो ताकि देखने में सभी एक से लगें। डाँट की आशंका अब नहीं थी। चित्रकारी तो मेरा जुनून था। चार दिनों के अंदर वे दो तल्ले भी खूबसूरत बन गए।

गर्मी की छुट्टियाँ ख़त्म हो गयीं। लड़के वापस आ गए थे। हॉस्टल के नए रूप ने सबका मन मोह लिया और गुमसुम सा रहने वाला मैं अचानक उनका हीरो बन गया। कॉलेज के वार्षिकोत्सव की तैयारी आरम्भ हो गयी। माता-पिता को आमंत्रण भेजा गया था। पेरेंट्स की उपस्थिति में वर्षभर की विशेष उपलब्धियों के लिए योग्य छात्रों को पुरस्कार वितरण किया जाता था। टाई-कोट के विशेष ड्रेस-कोड में मैं पापा-मम्मी के बीच में बैठा कार्यक्रम का आनंद ले रहा था। पापा न चाहते हुए भी बोल उठे, 'स्कूल या कॉलेज का शायद ही ऐसा कोई उत्सव रहा होगा जब अमित को पुरस्कार न मिला हो।' मैंने कहा 'पापा, अमित भैया से मेरी क्या तुलना, भैया तो घर की शान हैं। मैं उनकी तरह नहीं बन पाया, इस बात का मलाल तो मुझे भी है।' खैर, जीवन में पहली बार पापा मेरे किसी कार्यक्रम में आए, यही क्या कम था! विभिन्न श्रेणियों में हुई प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थानों पर रहे प्रतिभागियों को पुरस्कार दिया जा रहा था।


*"पढ़ाई में उत्तम होने के साथ-साथ कला को भी आत्मसात करने वाला यह शख्स और कोई नहीं, अपना आनंद मल्होत्रा है।' मैं इस अप्रत्याशित उद्घोषणा के लिए तैयार नहीं था, सो जड़वत हो गया। पूरे सभागार में तालियों की गड़गड़ाहट गूंज रही थी। मेरे साथियों ने मुझे गोद में उठाकर स्टेज पर पहुंचाया। मैंने मुख्य अतिथि के साथ-साथ मंचासीन सभी विशिष्ट व्यक्तियों के पांव छुए। उनसे आग्रह किया कि मैं अपने पेरेंट्स को भी मंच पर बुलाना चाहता हूँ। उनकी स्वीकृति मिलते ही पापा-मम्मी स्टेज पर आये। पापा ने मुझे गले से लगा लिया और तब तक अपने से चिपकाये रखा जब तक मुख्य अतिथि ने उनकी पीठ न थपथपायी। बेहद भावुक क्षण था वह मेरे लिए, कभी न भूलने वाला। पापा की आँखों से बहती अविरल धारा वर्षों की मेरी नाकामी को झुठला रही थी।"*


तभी एक उद्घोषणा हुई, 'पिछले दो सालों से हमने आल राउंडर का खिताब किसी को नहीं दिया। पर इस साल यह खिताब एक ऐसे शख्स को दिया जा रहा है जिसकी वज़ह से हमारे छात्रावास का कोना-कोना जगमगा गया है। गज़ब का जादू है उसके हाथों में, उसका लगन और परिश्रम अतुल्य है। पढ़ाई में उत्तम होने के साथ-साथ कला को भी आत्मसात करने वाला यह शख्स और कोई नहीं, अपना आनंद मल्होत्रा है।' मैं इस अप्रत्याशित उद्घोषणा के लिए तैयार नहीं था, सो जड़वत हो गया। पूरे सभागार में तालियों की गड़गड़ाहट गूंज रही थी। मेरे साथियों ने मुझे गोद में उठाकर स्टेज पर पहुंचाया। मैंने मुख्य अतिथि के साथ-साथ मंचासीन सभी विशिष्ट व्यक्तियों के पांव छुए। उनसे आग्रह किया कि मैं अपने पेरेंट्स को भी मंच पर बुलाना चाहता हूँ। उनकी स्वीकृति मिलते ही पापा-मम्मी स्टेज पर आये। पापा ने मुझे गले से लगा लिया और तब तक अपने से चिपकाये रखा जब तक मुख्य अतिथि ने उनकी पीठ न थपथपायी। बेहद भावुक क्षण था वह मेरे लिए, कभी न भूलने वाला। पापा की आँखों से बहती अविरल धारा वर्षों की मेरी नाकामी को झुठला रही थी।

*(लेखिका शिक्षाविद् एवं झारखंड विमर्श पत्रिका की सम्पादिका हैं)*

---

**कविता** | **लवली आनंद**



## हमर अयोध्या में राम

उठु चालू वेगी अयोध्या धाम  
प्राण मिलत उहा नयन जुरायत  
सबसुख पायब रट राम के नाम।।

कर्म बिनु सब छूट ही जइहें  
श्रम बिनु फल कहा मिलहु न पइहें  
पर जे मन के बहारब सखी सुनु  
तब मिल जइहें कोशल कुमार।।

हे धरणी हे अयोध्या माता  
शत शत नमन रउवा के जननी  
अंगना बुहारब, नगरी बुहारब  
एक पल झलक जे पायब राम।।

कनक भवन अति सुंदर साजल  
पर हृदय में बसे मनमोहक राघब  
जनकसुता संग बैठ भवन में  
अति प्रिय लगते सीताराम।।

सरयू सुंदर,रामबन सुंदर  
लछमन के संग हनुमानगढ़ी सुंदर  
पर जे मन के हर्षित करीहें  
वो हैं प्रभु के राजिबलोचन।।

---

**राम स्तुति दोहे** | **अशोक कुमार ढोरिया**



आओ रघुपति धाम में,करके ऊँचा भाल।  
स्वागत में हम आपके,लिए खड़े हैं थाल।।

हाथ जोड़ कब से खड़ा, लेकर प्रभु का नाम।  
आकर दर्शन दीजिए, जय जय जय श्रीराम।।

राम नाम को जप रहे, राम भक्त हनुमान।  
अब तो भगवन आ मिलो,वंदन करे जहान।।

बाल रूप श्रीराम का,जैसे चमके धूप।  
लिए हाथ कोदंड वे, लगते बड़े अनूप।।

राम अवध में आ गए,ले अपना कोदंड।  
कर्म धर्म को धारिये, दूर करो पाखंड।।

अवध विराजे राम हैं, बांट रहे उपहार।  
खुश होकर सब लीजिए,कभी न होगी हार।।

नाम बड़ा है राम का, जाने ये संसार।।  
सबके रक्षक हैं वही,जग के पालनहार।।

दीन हीन के सारथी, ऐसा दो उपहार।  
झूठ कपट का नाश हो,सच की हो जयकार।।

बना अवध में धाम है, हर लब पर है राम।  
सबको यही यकीन है, पूरे होंगे काम।

प्यासे नैन तरस रहे, दर्शन दो श्रीराम।  
स्वागत में अब आपके,सजा अयोध्या धाम।।

मंदिर न्यारा बन रहा , दुनिया में अभिराम।  
हर्षित कण कण हो गया,सजा राम का धाम।।

---

**लघुकथा** | **मोनिका राज**



## रोज़मर्रा की जिंदगी

ओफहो! यह फिजिक्स कितना बोरिंग है। मुझे बिल्कुल समझ नहीं आती। श्रेया ने अपना सिर पकड़ते हुए कहा।

'इधर आओ।' नीलेश ने कहा। 'अब बताओ, क्या समस्या है?'

श्रेया ने अपनी परेशानी नीलेश को बताई। 'बस, इतनी-सी बात है।', नीलेश ने मुस्कुराते हुए कहा।

फिर उसने श्रेया के हाथ से किताब लेकर उसे खुद से पढ़ाने लगा। श्रेया बड़े ध्यान लगाकर नीलेश की बातें सुन रही थी। बातों -हीं -बातों में कब पूरा चैप्टर उसने श्रेया को समझा दिया, पता हीं न चला। श्रेया ने लगभग कूदते हुए कहा, 'पापा, यू आर रियली ग्रेट! अब मुझे सारे कॉन्सेप्ट्स समझ में आ गए। पर, एक बात बताइये, मैं भी तो बहुत देर से यह सब समझने की कोशिश कर रही थी पर, मुझे क्यों समझ में नहीं आ रहीं थी ?'

'जब तक बस यूँ हीं पढ़ते रहोगे, वो बस किताबों तक हीं रह जायेगा, लेकिन जब आप उसे रोजमर्रा की जिन्दिगी से सम्बंधित करके देखोगे तो तुम्हें सारे कॉन्सेप्ट्स अच्छे से समझ आ जायेंगे और तब न तो तुम्हें उनको रटने की झंझट होगी और न हीं भूल जाने का डर होगा। आयी बात समझ, गुड़िया रानी?' नीलेश ने उसे दुलराते हुए कहा।

नीलेश की बात श्रेया समझ चुकी थी। उसने सहमति में अपना सर हिलाया।

---

**कविता** | **गोविन्द भारद्वाज**



## राम नाम का दीप जलाएं

राम नाम के दीप जलाएं,  
नव उजियारा हम फैलाएं।

आए फिर से अवध बिहारी,  
राजी कौशल्या माँ प्यारी।  
देख-देख मन हर्षित होती,  
कैकेई-सुमित्रा महतारी।

दीवाली हम आज मनाएं,  
राम नाम के दीप जलाएं।

आज अयोध्या सज गई सारी,  
नाच रहे हैं सब नर नारी।

ढोल - मृदंग बजे गली- गली,  
श्याम रंग छवि लागे न्यारी।

भजन-कीर्तन मंगल गाएं,  
राम नाम के दीप जलाएं।

राम बिराजे महल अटारी,  
मर्यादा के शुचि अवतारी।  
धनुष-बाण शोभा अति सुंदर,  
हैं श्री राम सकल हितकारी।

सरयू जी भी नाच दिखाएं,  
राम नाम के दीप जलाएं।

---

**साहित्य समाज का दर्पण भी है तथा मार्गदर्शक भी है। साहित्य समाज के सरोकारों को ही अपना विषय बनाता है। समाज और व्यक्तिगत विकास में साहित्य की महत्वपूर्ण सहभागिता है। समाज में उस क्षेत्र विशेष की संस्कृति फलती फूलती है। संस्कृति लोगों के लिए नैतिक मूल्यों को निर्धारित करता है, जिसका निर्वहन प्रत्येक मनुष्य के लिए अनिवार्य है।**

**साक्षात्कार** | **ओ.पी. पाल**

# समाज के विकास में साहित्य की अहम भूमिका: डा. रमाकांता

प्रदेश की सुप्रसिद्ध महिला साहित्यकार एवं आकाशवाणी की ग्रेडिड लोक गायिका डा. रमाकांता पिछले चार दशकों से समाज को एक सकारात्मक रूप से नई दिशा देने का प्रयास में गुणवत्ता के आधार पर साहित्य सृजन करती आ रही हैं। लोक साहित्य में समाहित संगीत, नाट्य, नृत्य तथा लोक गीतों के संकलन और शोध कार्य में जुटी काव्य एवं गीत लेखक डा. रमाकांता ने अपने लोक साहित्य एवं काव्य लेखन के सफर को लेकर हरिभूमि संवाददाता से हुई बातचीत में कई ऐसे तथ्यों का जिक्र किया है, जिससे कहा जा सकता है कि समाज और व्यक्तिगत विकास में साहित्य की महत्वपूर्ण भूमिका है। डॉ. रमाकांता शर्मा का जन्म 15 जुलाई 1948 को करनाल जिले के घरौंडा में डा. जयदेव प्रसाद और शांति देवी प्रभाकर के घर में हुआ। उनका परिवार में पूरी तरह से साहित्यिक माहौल था, जहां उनकी माता ग्रामीण क्षेत्र की पढ़ी लिखी महिला थी और बड़ी बहन उर्मिलकांता शर्मा उस समय पंजाब भाषा विभाग की प्रसिद्ध कवयित्री थी, जो विभाग में सभी प्रतियोगिता में हिंदी कविताओं में पुरस्कार हासिल करती रही है। साल 1956 में जब रमाकांता कक्षा तीन में थी, तो उन्होंने खुद लिखी एक कविता स्वतंत्रता दिवस पर पढ़ी तो उसे विद्यालय के मुख्याध्यापक ने पुरस्कार के रूप में एक चांदी का रुपया इनाम में दिया, जो आज भी उन्होंने अभी तक धरोहर के रूप में सुरक्षित रखा हुआ है। इसके बाद वे स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय स्तर पर हिंदी, पंजाबी और उर्दू भाषाओं में काव्य प्रतियोगिताएं जीती और स्वरचित कविताएं तत्कालीक कॉलेज मैग्जीन तथा पत्रिकाओं में प्रकाशित हुई तो उनका आत्मविश्वास बढ़ना स्वाभाविक था। बकौल रमाकांता नौकरी में आने के बाद उन्होंने कला(फाइन आर्ट) तथा संगीत विषय का अध्यापन किया, वैसे भी विरासत में मिले साहित्यिक माहौल के कारण बचपन से कला, संगीत व साहित्य से रहे संबन्ध के कारण उन्होंने असंख्य गीत व कविताएं लिखी। उनकी साहित्यिक विद्या काव्य सृजन है, लेकिन उन्होंने गद्य व पद्य सभी विधाओं में साहित्य सृजन किया, जिनके विस्तृत लेखन क्षेत्र में कहानी, कविता, लघुकथा, नाटक, आलोचना, समीक्षा अनुवाद तथा संपादन जैसी विधाएं शामिल हैं। जिसकी बदौलत उनकी हरियाणवी भाषा, हरियाणवी संस्कृति (लोक साहित्य) तथा हिंदी गद्य व पद्य में करीब तीन दर्जन पुस्तकों का प्रकाशन हो चुका है। डा. रमाकांता ने प्रसिद्ध साहित्यकारों की लघुकथा तथा कहानियों की पुस्तकों का हरियाणवी में अनुवाद भी किया है। वहीं उन्होंने स्वयं अपनी कुछ हिंदी लघुकथाओं का मैथिली, पंजाबी तथा बुंदेली में अनुवाद किया है। इसके अतिरिक्त अंग्रेजी में अनुवाद का संपादन भी किया। उन्होंने 250 लघुकथाओं, 50 कहानियों, करीब 20 नाटक तथा करीब 500 कविताओं का सृजन कर पाठकों को नई दिश डा. रमाकांता ने हरियाणवी संस्कृति संवर्धन की दिशा में लोक पर्व, ऋतुमास उत्सवों की वीडियोग्राफी एवं वृत्तचित्र में भी लोकगीत लेखन, संकलन, गायन और संगीत निर्देशन की भूमिका भी निभाई है। इनमें हरियाणा सरकार की योजनाओं के प्रचार व प्रसार के लिए तैयार वृत्तचित्रों में नृत्य, अभिनय और गायन से संस्कृति के क्षेत्र में अपना योगदान देने वाली रमाकांता ने दूरदर्शन पर प्रायोजित 'बोल हमारे गीत तुम्हारे' तथा 'अजब-अजूबे' शीर्षक से प्रायोजित कार्यकमों के 13-13 एपीसोड में गीत लेखन और गायन की कला की छटाएं भी बिखेरी हैं। वहीं हरियाणवी संस्कृति पर आधारित सुरंग, द गैस्ट तथा थाल जैसी वेबसीरिज तथा लघुफिल्मों में अभिनय की भूमिका भी निभाई है।

### प्रकाशित पुस्तकें

डॉ. रमाकांता ने हिन्दी उपन्यासों में असामान्य पात्र, मधुकांत की एकादश शैक्षिक कहानियाँ, नाथ संप्रदाय का अध्ययन, मधुकांत की व्यंग्यात्मक कहानियों की समीक्षा, लघु कथा संग्रह कथा मंजरी, कविता संग्रह काव्य-कुंज, कविताएं बालगीत, काव्य संग्रह वन्दन माटी का, बाल एवं किशोर साहित्य,और महक रिश्तों की जैसी कृतियां पाठकों के सामने पेश की हैं। हरियाणवी लोक साहित्य में लघुकथा संग्रह माल्लक देक्खै सै, नाटक संग्रह कोथली आदि पुस्तके शामिल हैं।



डॉ. रमाकांता शर्मा

### पुरस्कार व सम्मान

डा. रमाकांता शर्मा को कई दर्जन पुरस्कार मिल चुके हैं। उन्हें प्रमुख रुप से भारत भूषण सम्मान, महादेवी वर्मा कविता गौरव सम्मान, काव्य पाठ सम्मान, हिन्दी साहित्य श्री सम्मान, हिन्दी साहित्यरत्न सम्मान, अमूल्य वृद्ध सम्मान, साहित्य सोम सम्मान पत्र, विवेकानन्द शिक्षारत्न सम्मान, डॉ0 राधाकृष्णन सम्मान, रक्तदान सृजन सेवा सम्मान, वूमैन पॉवर अवार्ड, 'श्रमिका श्री' सम्मान, प्रज्ञा साहित्यिक सम्मान एवं प्रज्ञा साहित्य सृजन सम्मान शामिल हैं। वहीं उन्हें साहित्य चेतना यात्रा सम्मान, निर्मला स्मृति हिन्दी साहित्य रत्न सम्मान, सरतीदेवी मित्तल स्मृति सम्मान, लाजवन्ती चावला

### व्यक्तिगत परिचय

**नामः** डॉ. रमाकांता शर्मा  
**जन्मतिथिः** 15 जुलाई 1948  
**जन्म स्थानः** घरौंडा (करनाल)  
**शिक्षाः** एमए, पीएचडी (हिन्दी), पीएचडी (संगीत), बीएड (गोल्डमैडल),एलएलबी।  
**संप्रतिः** सेवानिवृत्त खंड शिक्षा अधिकारी, सेवानिवृत्त सहायक प्रोफेसर, हिन्दी विभाग बीएमयू, रोहतक।

---

# आशावादी जीवन की प्रेरणा 'नई सोच-नये रंग'



**पुस्तक समीक्षा** | **शशि कांत चौहान**

नई सोच नये रंग लघु कविता संग्रह के माध्यम से कवि डॉ. हरीशचंद्र झन्डई ने पाठकों को कुल 115 कविताओं के माध्यम से आशावादी जीवन जीने, सामाजिक विसंगति, प्रकृति प्रेम और कोरोना जैसी त्रासदी का सजीव चित्रण किया है। वहीं प्रेम की परिभाषा व जीवन की छोटी-छोटी बातों को गंभीरता से प्रस्तुत किया है। अपने काव्य संग्रह के शीर्षक के साथ भी उचित न्याय किया है। विभिन्न विषयों पर प्रकाश डालती लघु कविताओं में अधिकांश जीवन से संबंधित है। 'जीवन में बहार' कविता के माध्यम से कवि ने बताया है कि जीवन तभी सार्थक होगा जब उसमें मजबूत इरादे और हौसले हो। 'चुनौतियों का सामना' कविता में कवि ने बताया कि प्रत्येक मनुष्य के जीवन में चुनौतियां आती हैं। उन चुनौतियों का सामना करने के लिए दृढ़ संकल्प, संघर्ष, शांत स्वभाव तथा उद्देश्य की स्पष्टता का होना जरूरी है। 'कितने रंग बिखरे जीवन में' कवि ने जीवन के प्रति आशा का दृष्टिकोण पर बल दिया है। इनकी कविताएं लक्ष्य व नई उड़ान कविता लोगों में आशावादी दृष्टिकोण पैदा करती है। इसी प्रकार 'आओ थाम लें उम्मीद' कविता में कवि का संदेश है कि जीवन को आगे बढ़ाने के लिए उम्मीद की आवश्यकता है। ऊंचे सपनों की कामना कविता महत्वाकांक्षा पर बल देती है। वहीं दूसरी ओर इस पुस्तक में 'अपना देश', 'वीरों का शौर्य', 'राष्ट्रीय ध्वज' में कवि ने देश प्रेम की भावना को जागृत कर रहे हैं। इन कविताओं में देश प्रेम की झलक दिखती है। 'वीरों का शौर्य' में देश पर कुर्बान होने वाले शहीदों के बारे में लिखा है। इन कविताओं में भारतीय संस्कृति की विशिष्टताओं पर बहुत ही सुंदर तरीके से प्रकाश डाला गया है। 'भरे सूने जीवन में रंग' कविता आशावादी भावों से ओतप्रोत कविता है। कवि ने जीवन के विविध आयामों को शब्द चित्र के माध्यम से कैनवास पर उकेरने का काम बहुत ही शानदार तरीके से किया है। इनमें 'जीवन है सूखे पत्तों की तरह' कविता में उपमा अलंकार के माध्यम से जीवन की नश्वरता का चित्र उकेरने का प्रयास किया है। 'देखो कल का सूरज' कविता सकारात्मक सोच और आशावादी चिंतन से अनुप्राणित है। हर कविताएं एक नए संदेश व नई ऊर्जा प्रदान करती है। सरस, सुबोध व प्रवाहमयी भाषा इस पुस्तक की विशेषता है, जो बेहतर जीवन जीने का संदेश देती है।

**पुस्तक : नई सोच-नया रंग**  
**लेखक : डॉ. हरीशचंद्र झन्डई**  
**मूल्य : 250 रुपये**  
**प्रकाशक : बोधि प्रकाशन**

---

# जीवन जीने की सीख देती 'अमीबा एवम् अन्य कविताएँ'



**पुस्तक समीक्षा** | **नृपेन्द्र अभिषेक नृप**

डॉक्टर संतोष पटेल अपनी कविता संग्रह 'अमीबा एवम अन्य कविताएँ' के माध्यम से समाज के विभिन्न पहलुओं पर अलख जगाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने इस पुस्तक के द्वारा विभिन्न समस्याओं पर अपनी कलम के माध्यम से जोड़दार प्रहार किया है। इस पुस्तक में एक तरफ जहाँ बहुजन समाज की जिंदगी के कई गुमनाम पहलुओं को केंद्र में रखा है वहीं प्रेम, भाईचारे, गांधीवादी विचार, अंबेडकर के विचारों से सुसज्जित मुद्दों पर भी कलम तोड़ी गई है। संग्रह की पहली कविता 'रेगिस्तान के फूल' में कवि ने आम जीवन की बात किया है। जिस तरह से प्रकृति फूलों को उपजा देती है, ठीक वैसे ही जीवन में खुशियों की इमारत का निर्माण होता है। इंसान में संवेदना, प्रेम, दया, करूंगा समाहित होना चाहिए ताकि जीवन की नैया को पार लगाया जा सके। डॉक्टर पटेल की एक कविता 'व्याकुलता' में भी प्रेम से जीवन को आगे बढ़ाते जाने की बात करतें हैं। कवि ने मिलन की आस को बड़ा ही सजीवता से तुलनात्मक रूप से लिखा है। कवि डॉक्टर पटेल की कविता 'लोक और शिष्ट' में वर्षों से समाज में चले आ रहे शोषण को लिखा है। एक लेखक अपनी रचनाओं में पहले सिर्फ अपने वर्ग की बात करता था, वहीं जब से शोषक वर्ग ने कलम उठाई है, उन्होंने सामाजिक शोषण का पर्चा-पर्चा खोल दी है। शोषित वर्ग की अधिकारों की लड़ाई कलम से लड़ी जाने लगी है। उनकी एक और कविता 'वर्ना गांधी पसंद कब थे उन्हें' में वर्तमान भारत में गांधी की दशा पर लिखा है। आज के दौर में गांधीवाद सिर्फ नाम का सिम्बल मात्र ही समझा जाने लगा है। तभी तो गांधी सिर्फ भाषण देने के काम आते है और बदले में गोडसेवादियों ने समाज को हिंसक बना रखा है।

एक कविता 'दलित के घर सहभोज' के माध्यम से उन्होंने सामाज में फ़ैल चुके भेदभाव को उजागर किया गया है। एक तरफ जहां संविधान में भेदभाव को खत्म करने की कोशिश हुई है, लेकिन संविधान लागू होने के सात दशक बाद भी स्थिति में सुधार नहीं हैं। डॉक्टर संतोष पटेल की पुस्तक से समाज को बहुत कुछ सीखने को मिल रहा है।

**पुस्तक : अमीबा एवम अन्य कविताएँ**  
**लेखक : डॉ. संतोष पटेल**  
**मूल्य : 225 रुपये**  
**प्रकाशक : न्यू वर्ल्ड पब्लिकेशन**

## खबर संक्षेप

### घेर में बंधी तीन भैंस और दो कटड़ी चोरी

**हांसी।** बरवाला रोड स्थित भाटला गांव में अज्ञात चोर शनिवार रात को एक घेर (पशु बाड़े) में बंधी 3 भैंस व 2 कटड़ी चुरा कर ले गए। सारे पशु मकान के साथ लगते घेर में बांधे गए थे। और जब सुबह परिवार के सदस्य पशुओं को चारा डालने गए तो भैंस व काटड़ी गायब मिली। घेर में बंधी भैंसों को गायब देख परिवार के सदस्यों ने उनको आस पास खूब तलाश किया लेकिन भैंसों का कहीं पता नहीं चला। चोरी हुई भैंसों की कीमत लाखों रुपए में है। पुलिस ने भैंस मालिक की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बांड राशि के भंवर में फंसे स्कूल

**हिसार।** प्रदेश के अस्थाई व परमिशन प्राप्त स्कूल शिक्षा विभाग के बॉंड राशि के भंवर में फंस गए हैं। इसके चलते इन स्कूलों में पढ़ रहे हजारों बच्चे व उनके अभिभावक असमंजस की स्थिति में है। शिक्षा बोर्ड ने जहां बोर्ड कक्षाओं के साथ साथ गैर बोर्ड कक्षाओं की वार्षिक परीक्षाओं का शैड्यूल जारी कर दिया है, वहीं इन स्कूलों के परीक्षा फार्म अभी तक नहीं भरे गए हैं।

### चार चीजों से जीवन बनता भगवतमय

**हिसार।** श्री कृष्ण प्रणामी महिला सत्संग मंडल, महावीर कॉलोनी-चंदुलाल गार्डन के तत्वाधान में वाटर वर्क्स के सामने महावीर कॉलोनी में चल रही भागवत कथा दूसरे दिन भी जारी रही। श्रद्धालुओं को प्रवचन देते हुए स्वामी राज दास महाराज कैमरी आश्रम वाले ने कहा कि हमें सभी कार्य मंगलाचरण से शुरू करने चाहिए। इससे सभी कार्य अवश्य ही सफल होते हैं।

### टैंकर की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

**हिसार।** नजदीकी गांव आर्यनगर में तेज गति से आ रहे टैंकर की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे के बाद टैंकर चालक मौके से फरार हो गया। हादसे के दौरान टैंकर का टायर लगभग 70 वर्षीय व्यक्ति के सिर के ऊपर से गुजर गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

### सेक्टर 9-11 में भारी वाहनों का प्रवेश रोका

**हिसार।** पुलिस ने शहर के सेक्टर 9-11 में भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित कर दिया है। पुलिस का कहना है कि रिहायशी क्षेत्र होने के कारण सेक्टर में हादसे होने का डर रहता है। इस कारण सेक्टर 9-11 में भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित किया गया है।

### मंगाली आकलान में करवाया फुटबाल मैच

**हिसार।** जिला पुलिस के नशा मुक्ति और यूथ एंगेजमेंट अभियान के तहत युवाओं को नशे से दूर रहते हुए पढ़ाई के साथ-साथ खेलों मे बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित कर रही है। इसी कड़ी में मंगाली चौकी पुलिस ने गांव मंगाली आकलान में गांव मंगाली झारा और मंगाली आकलान की लड़कियों के बीच फुटबाल मैच करवाया। इसमें मंगाली आकलान कि टीम ने जीत दर्ज की।

### निवेश में धोखाधड़ी से सावधान रहें नागरिक

**हिसार।** पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने आम नागरिकों को प्रोपर्टी



वेबसाइट, क्रिप्टो करेंसी और शेयर बाजार में निवेश से होने वाली धोखाधड़ी के प्रति आगाह किया है। उन्होंने कहा है कि आजकल धोखेबाज लोग आम नागरिकों से धोखाधडी करने के लिए नए-नए तरीके अपना रहे है। पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने कहा कि पंजीकृत रियल एस्टेट वेबसाइट जैसे मैजिकब्रिक, नो ब्रोकर, 99 एकड़ का उपयोग करने वाले जो अपनी संपत्ति को बिक्री या किराए पर लेने के लिए इन वेसाइट्स पर सूचीबद्ध करते है।

---

## जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष और अन्य ने सुना प्रधानमंत्री का संबोधन

# हर नागरिक को प्रेरणा देता प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम : डॉ. आशा

प्रधानमंत्री कार्यक्रम में विशेष उपलब्धियां प्राप्त व्यक्तियों से सीधी बातचीत करके उनका हौसला बढ़ाते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। जिला कार्यालय में मन की बात कार्यक्रम सुनते जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम हर नागरिक को प्रेरणा देता है। खास बात है कि प्रधानमंत्री इस कार्यक्रम के दौरान विशेष उपलब्धियां प्राप्त व्यक्तियों से सीधी बातचीत करके उनका हौंसला भी बढ़ाते हैं। यह बात भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने रविवार को जिला कार्यालय में पदाधिकारियों व कार्यकताअरं के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम सुनने के उपरांत बातचीत में कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मन की बात हर जन को प्रेरित करने वाली है। हर माह होने वाली यह बात हर बात किसी को कुछ न कुछ नया सिखाती है। उन्होंने कहा कि पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकताअरं को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करके जनता को इससे जोड़ने का प्रयास करना चाहिए। जिला मीडिया प्रमुख राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि जिला कार्यालय में पदाधिकारियों व कार्यकताअरं ने पूरी तन्मयता से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात का कार्यक्रम सुना।



हिसार। मोदी की मन की बात सुनते जिला संयोजक प्रवीण बंसल व अन्य।

#### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में जिला महामंत्री प्रवीण पोपली, जिला उपाध्यक्ष कृष्ण बिश्नोई, जिला मंत्री संजीव रेवड़ी, जिला मीडिया प्रमुख राजेंद्र सपड़ा, विस्तारक लख्मीचंद शर्मा, अशोक मित्तल, मंडल अध्यक्ष लोकेश असीजा, विकास जैन, सुशील बुड़ाकिया, दिलबाग सिंह, पूर्व पार्षद अमित ग्रोवर, ओमप्रकाश, विनोद तोसावड़, महेंद्र सिंह पन्नू, हेमंत शर्मा, संजय कुमार, निरंजन, महिपाल यादव, अजय सिंह, मदनलाल, पंकज गुप्ता, धर्मेन्द्र मलिक, अंकुश मेहता सहित अनेक पदाधिकारियों एवं कार्यकताअरं ने जिला कार्यालय में मन की बात कार्यक्रम सुना।

### 'मन की बात' से देश को सशक्त करने का काम कर रहे प्रधानमंत्री : प्रवीण बंसल

**हांसी।** मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशवासियों के ऐसे प्रयासों को सामने लाते हैं, जो निस्वार्थ भावना के साथ समाज को, देश को, सशक्त करने का काम कर रहे हैं। यह बात मन की बात कार्यक्रम के जिला संयोजक प्रवीण बंसल ने चौपटा बाजार स्थित शक्ति केंद्र पर भाजपा कार्यकताअरं के साथ प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुनने के बाद कही। प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात के माध्यम से देशवासियों को आह्वान किया कि ये भावना रुकनी नहीं चाहिए, ये अभियान रुकना नहीं चाहिए। सामूहिकता की यही शक्ति, हमारे देश को सफलता की नई ऊंचाई पर पहुंचाएगी। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अशोक सैनी, जिला फरीदाबाद के पूर्व विस्तारक मनजीत सिंह जांगड़ा, सोनू अग्रवाल, पवन गौड़, रविंद्र गोयल, मुनीश सैनी, विशाल, नरेश निक्कू सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---



## हिसारवासी कर्नल सत्यकाम डबास विशिष्ट सेवा पदक से होंगे सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

वीरता, पराक्रम व अदम्य साहस के लिए हरियाणा के वीर सैनिकों के उदाहरण दिए जाते हैं। इसी कड़ी में हिसार निवासी कर्नल सत्यकाम डबास का नाम भी जुड़ गया है। असाधारण सैन्य सेवाओं के लिए कर्नल सत्यकाम डबास का चयन विशिष्ट सेवा पदक के लिए किया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कर्नल सत्यकाम को विशिष्ट सेवा मेडल प्रदान करने की आधिकारिक मंजूरी दे दी है। अब हिसार के इस रणबांकुरे को भव्य समारोह में विशिष्ट सेवा मेडल से नवाजा जाएगा। दिल्ली स्थित सेना मुख्यालय में तैनात कर्नल सत्यकाम डबास विशिष्ट सेवा मेडल की सूचना को अपने परिजनों व मित्रों से साझा करने के लिए हिसार की बैंक कॉलोनी स्थित आवास पर आए हुए हैं। कारिगल युद्ध में अदम्य साहस दिखाकर कई आतंकवादियों को मार गिराने वाले सत्यकाम डबास वर्ष 2000 में गेलेंट्री अवॉर्ड से सम्मानित हो चुके हैं। इसके अलावा समय-समय पर शौर्य व बेजोड़े सेवाओं के लिए जीओसी-इन-सी प्रशंसा पत्र एवं सीओएएस प्रशंसा पत्र से भी उन्हें अलंकृत किया गया है। सत्यकाम डबास ने बताया कि हिसार कैंट नजदीक होने के कारण शहर से अक्सर सैनिक, टैंक व अन्य वाहन गुजरा करते थे। उन सैनिकों की वर्दी और जोश देखकर मन में संकल्प लिया कि फौजी बनकर देश की सेवा करनी है।

#### सेना सिखाती है अलग ढंग से जीवन जीने का ढंग

लद्दाख की बर्फीली वादियों व राजस्थान के रेगिस्तान में अपनी ड्यूटी मुस्तैदी से निभाने वाले कर्नल सत्यकाम डबास का कहना है कि आर्मी से जुड़ने का मतलब केवल नौकरी नहीं है। आर्मी अलग ढंग से जीवन जीने की कला सिखाती है। अनुशासन, समर्पण, सेवा व लगन की बानगी देश की सेना में सहज ही देखी जा सकती है। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि भारतीय सेना योग्य, समर्पित व जुझारू युवाओं को सेना में शामिल करने के लिए तत्पर है। इसलिए युवाओं को अपना लक्ष्य निर्धारित करके उसे भेदने के लिए जी-जान से जुट जाना चाहिए। कर्नल सत्यकाम के पिता सोरण सिंह चौधरी हिसार में नहरी विभाग के एसडीओ पद से सेवानिृत हुए हैं। वे बड़े गर्व के साथ कहते हैं कि कर्नल सत्यकाम को पदक मिलने से हम ही नहीं बल्कि पूरा देश गौरवान्वित हुआ है। उन्होंने बताया कि बचपन से सेना में जाने की जिद्द ने उसे जुझारू सेना अधिकारी बनाया है। माता मिथलेश देवी अपने बेटे सत्यकाम को आशीर्वाद देते हुए कहती हैं कि मेरी तो यही कामना है कि ऐसे बेटे हर घर में हों, जो देश की सच्चे मन से सेवा करें।

---





### संवर्धिनी समागम में श्वेता जैन को किया सम्मानित

**हांसी।** आरएसएस की शाखा महिला समन्वय हरियाणा की ओर से हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के इंदिरा गांधी सभागार में संवर्धिनी समागम का आयोजन किया गया। समागम का विषय नारी कल, आज और कल व नारी समाजस्य कुशल वास्तुकारा। समागम आयोजन का उद्धेश्य महिलाओं को समाज व राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में आर्ट ऑफ लिविंग हांसी की डिस्ट्रिक्ट टीचर कोऑर्डिनेटर व भारत सरकार की प्रमाणित योग टीचर श्वेता जैन को विशेष रूप से उनके द्वारा पिछले डेढ़ दशक से किए जा रहे सामाजिक उत्थान के कार्य खासतौर से महिलाओं के लिए किए गए कार्य के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की संयोजिका व संचालिका अनुपमा अग्रवाल ने बताया कि श्वेता जैन ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत 2 लाख से अधिक लोगों को शपथ ग्रहण करवाई, महिलाओं के लिए हर वर्ष निशुल्क योग शिविर लगाना, हर घर ध्यान के माध्यम से हर घर तक ध्यान का अनुभव पहुंचाया, सेल्फ अवेयरनेस एजुकेशन प्रोग्राम के द्वारा लोगों के सर्वांगीण विकास के लिए काम करना आदि अनेक कार्यक्रमों के द्वारा समाज में बदलाव लाने का कार्य किया।

### बिजली के खंभे से टकराई कार

**हांसी।** जींद हांसी रोड स्थित गांव माढा में शनिवार रात को सामने से आ रहे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बचने के प्रयास में एक कार सडक किनारे खड़े खंभे में जा घुसी। जिससे कार चालक व उसके साथ कार सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम ने मौके पर पहुंच दोनों घायलों को कार से निकाल उपचार के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने कार चालक पेटवाड़ व हाल नारनौंद निवासी 35 वर्षीय सोनू को मृत घोषित कर दिया जबकि उसके दोस्त भगवत की गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के उपरांत हिसार रेफर कर दिया।

## तीसरी बार सरकार बनाने में होगी महिलाओं की भागीदारी

- पार्टी की ओर से चलाया जाएगा नारी शक्ति वंदन अभियान
- महिलाओं को दी जाएगी महिला कल्याण की योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार





हिसार। कार्यशाला को संबोधित करते मुख्य वक्ता मीना परमार व उपस्थित जिला पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

महिलाओं को केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं व कार्यक्रमों की जानकारी देने के लिए पार्टी की ओर से नारी शक्ति वंदन अभियान चलाया जाएगा। केन्द्र व हरियाणा में तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने में महिलाओं की प्रमुख भूमिका होगा। यह बात भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित शक्ति वंदन महिला स्वयं सहायता समूह एवं एनजीओ संपर्क अभियान कार्यशाला को संबोधित करते हुए पार्टी की वरिष्ठ नेता एवं मुख्य वक्ता मीना परमार ने कही। कार्यशाला की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने की जबकि जिला मंत्री रणधीर सिंह धीरू इसके संयोजक रहे। मुख्य वक्ता मीना परमार ने कहा कि ह्यनारी शक्ति वंदन अभियानह्ण के तहत महिला मतदाताओं से संपर्क किया जाएगा। इसके तहत महिलाओं को केन्द्र सरकार द्वारा महिलाओं के कल्याण के लिए चलाई गई योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। पार्टी का प्रयास है कि कोई भी पात्र महिला केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं से वंचित न रहे। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने कहा कि जिला के पदाधिकारी व कार्यकर्ता पार्टी के हर कार्यक्रम को सिरे चढ़ाने में अग्रणी रहे हैं। जिला मीडिया प्रमुख राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि कार्यक्रम में जिला महामंत्री एडवोकेट धर्मवीर रतेरिया व प्रवीण पोपली, जिला मीडिया प्रमुख राजेंद्र सपड़ा, जिले की सातों विधानसभा के विस्तारक, मंडल अध्यक्ष एवं मंडल के पदाधिकारी, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष सुषमा पांचाल, महामंत्री सीमा शर्मा, सुनीता रेड्डू, रीटा शर्मा, सीमा गोदारा, सरला नांडा, सुमन यादव, मंजू, रोशनी, दुर्गा देवी, सुमन सैनी, रवीना, सीमा वीरपाली, निर्मला, मीनाक्षी, पुष्पा, उषा अ

---

### बसंत पंचमी पर 14 को नामदेव धर्मशाला में होगा भव्य समारोह

**हिसार।** सिरसा रोड स्थित नामदेव धर्मशाला में रविवार को नामदेव सभा की बैठक हुई। बैठक में 14 फरवरी को बसंत पंचमी के दिन मुंबई के व्यवसायी कैलाश डीडवानिया मुख्य अतिथि होंगे तथा मास्टर प्रताप सिंह वर्मा की अध्यक्षता में समारोह का आयोजन किया जाएगा। सभा के प्रेस सचिव विनोद रोहिल्ला ने बताया कि इस अवसर पर पूनम वर्मा डिस्ट्रिक्ट एटार्नी, डॉक्टर मुकेश छिप्पा, निशा वर्मा असिस्टेंट डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी, धूप सिंह रोहिल्ला सिसाय,अशोक रोहिल्ला डायरेक्टर निट्स कंप्यूटर हांसी, सुनील कुमार इंस्पेक्टर दिल्ली क्राइम ब्रांच, राजेश खत्ती सरपंच प्रतिनिधि लांधड़ी आदि रहे।

## हृदय रोगियों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया

- कैंप में ईसीजी, रक्तचाप और शुगर टेस्ट भी कराया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सिरसा। पत्रकारों से बातचीत करते हुए डॉ मिश्रा व डॉ गर्ग। *फोटो : हरिभूमि*

मधुमेह, उच्च रक्तचाप, धूम्रपान, मोटापा और शारीरिक गतिहीनता बढ़ने के साथ हृदय रोग के जोखिमों में चिंताजनक वृद्धि देखि गई है। भारत में बढ़ते हृदय रोग को देखते हुए आज मणिपाल हॉस्पिटल, नई दिल्ली ने मंदीप हार्ट हॉस्पिटल के सहयोग से, सिरसा में एक निःशुल्क हृदय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। सिरसा के मंदीप हार्ट हॉस्पिटल में आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर में मणिपाल हॉस्पिटल के प्रसिद्ध हार्ट सर्जन, डॉ. युगल किशोर मिश्रा ने हृदय रोगियों को निदान व परामर्श प्रदान किया। इस निःशुल्क हृदय स्वास्थ्य शिविर में कोरोनरी आर्टरी रोग, हार्ट अटैक और हार्ट फेलियर जैसे हृदय के रोगों के लिए मरीजों को परामर्श प्रदान किया गया। इसके साथ ही उनका ईसीजी, रक्तचाप और शुगर टेस्ट भी कराया गया। डॉ. मिश्रा ने उन रोगियों को भी परामर्श दिया जिन्हें गंभीर हृदय रोगों के लिए एसआईसीडी प्रत्यारोपण, पेसमेकर प्रत्यारोपण, टीएवीआर या हार्ट ट्रांसप्लांट जैसे आधुनिक इलाज की आवश्यकता है।इस स्वास्थ्य शिविर के बारे में कार्डियोवैस्कुलर सर्जन, कार्डियेक साइंसेज, मणिपाल हॉस्पिटल, नई दिल्ली के हेड एवं चीफ डॉ. युगल किशोर मिश्रा, ने कहा, ह्यमंदीप हार्ट हॉस्पिटल के साथ मिलकर इस हृदय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर हृदय स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने की एक पहल है। इस शिविर के सफलता पर मंदीप हार्ट हॉस्पिटल, सिरसा के सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट, डॉ. मंदीप गर्ग ने कहा कि मणिपाल हॉस्पिटल के साथ इस गठबंधन द्वारा हमारा उद्देश्य मरीजों को उनकी विशेषज्ञता और सेवाएं प्रदान करना है। हम चाहते हैं कि हर मरीज को निदान से लेकर आधुनिक इलाज और सर्वोच्च गुणवत्ता की देखभाल मिल सके।



### रिद्धनाथ विद्यालय बालक के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तरीय कबड्डी टुर्नामेंट में रचा इतिहास

**बरवाला।** कर्नाटक के मांड्या में आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय कबड्डी टुर्नामेंट में रिद्धनाथ विद्यालय बालक के विद्यार्थियों और सीएनएस एकेडमी के खिलाड़ियों ने इतिहास रचा है। इस टुर्नामेंट में हरियाणा की अगुवाई कर रही रिद्धनाथ विद्यालय बालक की लड़कियों की टीम ने राजस्थान को 36-24 से हराकर फाईनल में प्रवेश पाया। इसी प्रकार हरियाणा की अगुवाई कर रही रिद्धनाथ विद्यालय बालक की लड़कों की टीम ने मेजबान कर्नाटक को हराकर सेमिफाइनल में जगह बना ली है। रिद्धनाथ विद्यालय बालक के डायरेक्टर साधु राम रेड्डू व सीएनएस एकेडमी के डायरेक्टर संदीप पूनिया ने दोनों विजेता टीमों की सराहना की और उज्जवल भविष्य की कामना की।

---



### रेलवे अडंरब्रिज की मांग पर संगठनों ने की बैठक

**आदमपुर।** आदमपुर भादरा रोड रेल फाटक पर अंडरब्रिज बनाने की मांग को लेकर कई संगठनो की बैठक भादरा रोड पर पूर्व सरपंच सरदार प्रीतम सिह की अध्यक्षता में हुई। इसमें लगभग एक दर्जन संगठनो के प्रतिनिधियों व लोगो ने भाग लिया। इनका कहना है आदमपुर शहर के बीचोबीच रेल लाइन है तथा शहर के दोनों तरफ लगभग 15-15 हजार लोग रहते हे। यही नहीं जवाहर नगर साइड में महिला पुरूष कालेज, महिला पुरूष आईटीआई, बहुतकनीकी संस्थान के अलावा कई निजी शिक्षण संस्थाए है, जिसके चलते इसी मार्ग से प्रतिदिन आम जनता के अलावा लगभग 2500 विद्यार्थी आवागमन करते है। दूसरी तरफ अनाज मंडी, मार्केट कमेटी, बीडीपीओ, तहसील, डाकघर, शिक्षण संस्थाए, पुलिस थाना व लगभग एक दर्जन बैंक, खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय, नगरपालिका, कन्या विद्यालय के अलावा कई कार्यालय है जिसके चलते जवाहर नगर की जनता को इस साइड आवश्यक कार्यो के लिए प्रतिदिन आना पडता है। इस बारे संगठनों के प्रतिनिधि कई बार जनप्रतिनिधियों व अधिकारियो से मिल चुके है लेकिन अभी तक इस रोड पर अंडरब्रिज मंजूर नहीं हुआ है।

## आर्ट ऑफ लिविंग ने किया पावन श्री नवग्रह होम का आयोजन

# श्री नवग्रह होम से ग्रहों के अशुभ प्रभाव कम होते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। आयोजन में शामिल आर्ट ऑफ लिविंग के पदाधिकारी व साधक। *फोटो : हरिभूमि*

आर्ट ऑफ लिविंग हिसार शाखा की ओर से सेक्टर 14 पार्ट-2 स्थित आर्ट ऑफ लिविंग हैप्पीनेस सेंटर में पावन श्री नवग्रह होम का आयोजन किया गया। स्टेट मीडिया कोऑर्डिनेटर नीरज गुप्ता ने बताया कि आर्ट ऑफ लिविंग के वैदिक धर्म संस्थान से विशेष रूप से पधारे पंडित केशव ने वैदिक परंपरा से श्री नवग्रह होम का संचालन किया। वैदिक धर्म संस्थान स्टेट कोऑर्डिनेटर कृष्ण कुमार ने बताया कि दिव्य गुरु पूजा से कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की गई। उसके पश्चात सभी ने मिलकर श्री नवग्रह होम किया। भारती मुंजाल एवं डॉ. उमेश आर्य के मधुर आवाज में सभी ने दिव्य सत्संग का आनंद लिया। उपस्थित सभी ने ध्यान भी किया। नीरज ने बताया कि व्यक्ति की जन्म तिथि, जन्म समय और जन्मस्थान के आधार पर कुंडली बनाई जाती है जिसमें मुख्यतः 9 ग्रह होते हैं और राहु और केतु छाया ग्रह हैं। जिनमें सूर्य, चंद्रमा, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि, राहु और केतु शामिल होते हैं। जीवन में घटने वाली घटनाओं के पीछे इन 9 ग्रहों के गोचर का बहुत प्रभाव पड़ता है। पं. केशव ने बताया कि नवग्रह पूजा करने से अच्छे स्वास्थ्य, ज्ञान, समृद्धि, सद्भाव, सफलता का वरदान प्राप्त होता है। नवग्रह पूजा करते समय उनके सभी मंत्रों का जाप करने से कार्यों में आने वाली बाधा दूर हो जाती है और रुके हुए काम भी पूरे हो जाते है। कार्यक्रम में आर्ट ऑफ लिविंग स्टेट टीचर कोऑर्डिनेटर महावीर अग्रवाल, आर्ट ऑफ लिविंग शिक्षक विजय शर्मा, सुरेश जैन, सुमन गोयल, मंजू पूरी, ईश्वर सैनी, सिंपल कटारिया, विनोद सोनी, स्वयंसेवक संजीव, गोविंद, गुलशन, भव्यम, नीरु, सीमा, संतोष विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### मारपीट करने के आरोप में चार गिरफ्तार

**ओढां।** ओढां थाना पुलिस ने लड़ाई झगड़े, मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ओढां थाना प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि धर्मवीर पुत्र अमीचंद निवासी बनवाला के शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की पहचान राम फुल पुत्र चंदुराम, जीता राम पुत्र नानु राम, अंकित पुत्र जयवीर निवासी बनवाला जिसमें एक महिला भी शामिल है। आरोपीयों के कब्जा से एक डंडा व ट्रैक्टर बरामद किया गया है।

### युवक अवैध पिस्तौल सहित गिरफ्तार

**डबवाली।** सदर थाना पुलिस ने गश्त के दौरान गांव गोरीवाला क्षेत्र से एक युवक को अवैध पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया है। गोरीवाला पुलिस चौकी प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि वह पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान किसान सेवा केंद्र पर मौजूद थे। इस दौरान पुलिस ने एक युवक को शक के आधार पर रोककर उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से एक अवैध पिस्तौल बरामद हुई। आरोपी की पहचान जुगनदीप उर्फ दीप पुत्र लीलु राम निवासी गोरीवाला के रुप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सदर थाना में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

### स्वयंसेवकों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**रानियां।** राजकीय कन्या महाविद्यालय रानियां में एनएसएस इकाई द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एनएसएस की छात्राओं द्वारा सबसे पहले कटीली झाड़ियों को साफ किया गया और पार्किंग स्थल की सफाई की गई तथा मुख्य द्वार के अंदर की तरफ से खरपतवार को हटाया गया व पौधों को पानी दिया गया, लाइब्रेरी हॉल, स्टॉफ रूम,ऑफिस, रैंप की सफाई, कमरों की खिड़कियां व शीशे साफ किए गए। महाविद्यालय प्रांगण में बिखरे कागज व कचरे को इकट्ठा किया गया। सारे कचरे को इकट्ठा करते हुए एक स्थान पर ढेर लगाया गया। तत्पश्चात एनएसएस के विद्यार्थियों को एक प्रेरणादाई भाषण दिया गया। बताया कि महाविद्यालय में स्थापित विभिन्न इकाइयों जैसे एनएसएस, इको क्लब, रेडक्रॉस सोसायटी तथा रेड रिबन क्लब का महाविद्यालय की स्वच्छता, सुंदरता व गरिमा को बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान है। इस अभियान के दौरान एनएसएस की छात्राओं ने प्रांगण की व गर्ल्स कॉमन रूम की सफाई की। इस अभियान में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रीत कौर, डॉ. मंजू बाला, सहायक प्रो. कविता भी मौजूद रही।

### कैमरे चोरी करने के मामले में एक गिरफ्तार

**नारनौंद।** चोरी की घटनाओं पर पर लगाम लगाते हुए चौकी खेड़ी चोपटा पुलिस ने चोरी करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपित की पहचान जोगिन्द्र निवासी सन्दलाना के रुप में हुई है, जिन्होंने कैमरे चुरा लिए थे और घटना को अंजाम देकर मौके से प्यार हो गया था। पुलिस ने आरोपित युवक को न्यायायल में पेश करके न्यायालय के आदेशानुसार जेल भेज दिया।

### गुरुद्वारा सिंह सभा प्रधान बने जसबीर सिंह

**बरवाला।** मेन रोड पर स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा बरवाला की 14 सदस्यीय कमेटी के चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुए। यह चुनाव एडमिनिस्ट्रेटर वीके मुंजाल और चुनाव अधिकारी डॉक्टर प्रेम सागर सलूजा की देखरेख में हुए। एडमिनिस्ट्रेटर वीके मुंजाल ने बताया कि इस चुनाव में सर्वसम्मति से प्रधान पद जसबीर सिंह को, सचिव पद सतनाम सिंह को तथा कोषाध्यक्ष पद पूर्व पार्षद जसबीर सिंह उर्फ बब्बू सरदार को सौपा गया। सिंह आदि मौजूद रहे।

### बैट्री चोरी करने के आरोप में दो गिरफ्तार

**हांसी।** शहर थाना पुलिस ने ई-रिक्शा की बैटरी चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान करण व ढाणी पीरांवाली निवासी सन्नी के रुप में हुई है।

---

### कर्मचारियों ने की पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की मांग

# निगम के तहत अध्यापकों की भर्ती युवाओं के साथ धोखा : राजपाल

रोहतक में होने वाली आक्रोश रैली को लेकर अध्यापक संघ व सकसं नेताओं ने चलाया जनसम्पर्क अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** आक्रोश रैली को लेकर जनसम्पर्क अभियान चलाते सर्व कर्मचारी संघ के पदाधिकारी।

हरियाणा में पुरानी पेंशन बहाल करने, विभिन्न विभागों में खाली पड़े साढ़े 3 लाख पदों को भरने, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने सहित कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर सर्व कर्मचारी संघ की 4 फरवरी को रोहतक में होने वाली राज्य स्तरीय आक्रोश रैली में फतेहाबा जिले से अध्यापक बढ़चढ़ कर भाग लेंगे। इस रैली को लेकर जिलेभर के अध्यापकों में काफी उत्साह है। यह बात हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के जिला प्रधान सुरजीत दुसाद, खंड सचिव राजेश गोठड़ा व सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ब्लाक फतेहाबाद के प्रधान राजपाल मिताथल ने संयुक्त विज्ञप्ति जारी कर कही। रैली की तैयारियों को लेकर सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा व हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ की टीम ने शहर व गांवों के सैकड़ों स्कूलों व विभागों का दौरा किया और कर्मचारियों और अध्यापकों को रैली में बढ़चढ़ कर भाग लेने का निमंत्रण दिया। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि हरियाणा सरकार का शिक्षा के प्रति नकारात्मक और दोगला चेहरा है। सरकार जनता को गुमराह कर रही है। राजपाल मिताथल ने शिक्षा विभाग के दिसम्बर 2023 के आंकड़ों के अनुसार विद्यालयों की स्थिति के बारे में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार शिक्षा विभाग में खाली पड़े पदों की भरने की बजाय स्कूलों को बन्द करने पर तुली हुई है। एक तरफ दिल्ली व केरल की सरकार हैं, जहां सरकार शिक्षा के क्षेत्र में अलग से बजट का प्रावधान करती है और विद्यालयों को सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाती है, लेकिन यहां सब उल्टा ही हो रहा है। पक्के रोजगार की बजाय सरकार कौशल विकास रोजगार निगम के तहत अध्यापकों की भर्ती कर रही है, जो कि युवाओं के साथ धोखा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग में रिक्त पदों की बात करें तो क्लास 1 में निदेशक से लेकर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी व जिला शिक्षा अधिकारियों के लगभग पद पद खाली पड़े हैं। दिसंबर 2023 के आंकड़ों के अनुसार हरियाणा के विद्यालयों में प्रिंसिपल के स्वीकृत पद 2431 हैं, कार्यरत 2029 हैं। 402 पद रिक्त है।

#### आक्रोश रैली में भर्ती का मुद्दा उठेगा

पीजीटी के स्वीकृत 37179 पद हैं, इनमें से 24291 पर कार्यरत हैं। 11251 पद रिक्त हैं। हाई स्कूलों में मुख्याध्यापक के 964 पद स्वीकृत हैं। कार्यरत 428 हैं। 536 पद मुख्याध्यापकों के रिक्त हैं। मिडल स्कूलों में मौलिक मुख्याध्यापक के 2200 पद स्वीकृत हैं। यहां भी 602 पद रिक्त हैं।

कक्षा 6 से 8 पढ़ाने वाले टीजीटी अध्यापकों के 39776 स्वीकृत पद हैं। यहां भी 16580 पद रिक्त हैं। प्राईमरी स्कूलों में मुख्य शिक्षकों 2121 स्वीकृत पद हैं, कार्यरत 1486 हैं। रिक्त पदों की संख्या 635 हैं।

कक्षा 1 से 5 तक पढ़ाने वाले जेबीटी/पीआरटी अध्यापकों के स्वीकृत पद 35755 हैं। यहां भी 1900 पद रिक्त हैं। चतुर्थ श्रेणी डी ग्रुप के 12425 पद स्वीकृत हैं, यहां भी 6495 पद रिक्त हैं। प्राइमरी स्कूलों में तो चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के पद ही स्वीकृत नहीं है। अकेले शिक्षकों की बात करें तो जेबीटी से प्रिंसीपल तक 31906 पद रिक्त हैं। हरियाणा सरकार पदों को न भरके 22 लाख 31 हजार 282 बच्चों के बच्चों के साथ अन्याय कर रही है। खाली पदों को न भरने से बच्चों का भारी नुकसान हो रहा है। इन मुद्दों को आक्रोश रैली रोहतक में प्रमुखता से उठाया जाएगा।

---

# मणिपाल हॉस्पिटल ने निःशुल्क शिविर लगाया

- डा. युगल किशोर ने कहा हृदय रोग का जोखिम बढ़ रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा


**सिरसा।** पत्रकारों से बातचीत करते हुए डॉ. मिश्रा व डॉ. गर्ग।

मधुमेह, उच्च रक्तचाप, धूम्रपान, मोटापा और शारीरिक गतिहीनता बढ़ने के साथ हृदय रोग के जोखिमों में चिंताजनक वृद्धि देखी गई है। देश में बढ़ते हृदय रोग को देखते हुए रविवार को मणिपाल हॉस्पिटल नई दिल्ली ने मंदीप हार्ट हॉस्पिटल के सहयोग से निःशुल्क हृदय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। सिरसा के मंदीप हार्ट हॉस्पिटल में आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर में मणिपाल हॉस्पिटल के प्रसिद्ध हार्ट सर्जन, डॉ. युगल किशोर मिश्रा ने हृदय रोगियों को निदान व परामर्श प्रदान किया। इस निःशुल्क हृदय स्वास्थ्य शिविर में कोरोनरी आर्टरी रोग, हार्ट अटैक और हार्ट फेलियर जैसे हृदय के रोगों के लिए मरीज़ों को परामर्श प्रदान किया गया। इसके साथ ही उनका ईसीजी, रक्तचाप और शुगर टेस्ट भी कराया गया। डॉ. मिश्रा ने उन रोगियों को भी परामर्श दिया जिन्हें गंभीर हृदय रोगों के लिए एसआईसीडी प्रत्यारोपण, पेसमेकर प्रत्यारोपण, टीएवीआर या हार्ट ट्रांसप्लांट जैसे आधुनिक इलाज की आवश्यकता है। इस स्वास्थ्य शिविर के बारे में डॉ. युगल किशोर मिश्रा ने कहा मंदीप हार्ट हॉस्पिटल के साथ मिलकर इस हृदय स्वस्थ्य शिविर का आयोजन कर हृदय स्वस्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने की एक पहल है। इस शिविर के माध्यम से हम हृदय रोग से पीड़ित रोगियों को सटीक निदान, व्यक्तिगत इलाज एवं परामर्श प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा मानना है कि समय पर निदान और इलाज द्वारा हृदय रोग से पीड़ित मरीजों के स्वास्थ्य में काफी सुधार लाया जा सकता है। इस शिविर के सफलता पर मंदीप हार्ट हॉस्पिटल के सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट, डॉ. मंदीप गर्ग ने कहा मणिपाल हॉस्पिटल के साथ इस गठबंधन द्वारा हमारा उद्देश्य मरीजों को उनकी विशेषज्ञता और सेवाएं प्रदान करना है। हम चाहते हैं कि हर मरीज को निदान से लेकर आधुनिक इलाज और सवार्ेच्च गुणवत्ता की देखभाल मिल सके। हमारा मानना है कि इस सहयोग से सिरसा में हृदय रोग से पीड़ित लोगों को काफी लाभ होगा। मणिपाल हॉस्पिटल्स के बारे में हेल्थकेयर में अग्रणी, मणिपाल हॉस्पिटल्स भारत में शीर्ष हेल्थकेयर प्रदाताओं में से एक है, जो हर साल 4.5 मिलियन से 'यादा मरीजों का इलाज करता है। इसका उद्देश्य अपने मल्टीस्पेशियल्टी एवं टर्शियरी केयर डिलीवरी स्पेक्ट्रम द्वारा किफायती और हाई क्वालिटी हैल्थकेयर फ्रेमवर्क का विकास करना और आउट-ऑफ-हॉस्पिटल केयर तक इसका विस्तार करना है। एएमआरआई अस्पताल का अधिग्रहण पूरा होने के साथ, आज भारत में इसके इंटीग्रेटेड नेटवर्क में 17 शहरों में 9500+ बेड्स के साथ उपलब्ध है।

---

# चाकू दिखाकर जेई से मोबाइल और नकदी छीन ले गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

एक तरफ पुलिस प्रशासन द्वारा स्नैचिंग और छीना ापटी करने वालों पर नकेल कसने के दावे कर रहा है वहीं दूसरी ओर बदमाश पुलिस के इन दावों को खोखला साबित करने में लगे है। टोहाना में छीना ापटी का एक ओर मामला सामने आया है। यहां पंचायती राज विभाग के जेई से दो युवकों द्वारा गले पर चाकू लगाकर हजारों की नकदी व मोबाइल छीनने का मामला सामने आया है। इस बारे शिकायत मिलते ही टोहाना पुलिस ने केस दर्ज कर लूटेरे युवकों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में आदर्श कालोनी, टोहाना निवासी बलजिन्द्र सिंह ने कहा है कि वह पंचायती राज विभाग में जेई के पद पर कार्यरत है। गत दिवस रात करीब साढ़े 11 बजे वह रतिया रोड पर रेड स्टार होटल के पास अपनी गाड़ी खड़ी करके कुछ सामान खरीदने लगा।

#### दमकौरा रोड पर वारदात

सामान खरीदकर जब वह गाड़ी में बैठा तो दमकौरा रोड की तरफ से दो अज्ञात युवक आए और उसकी गाड़ी के पास आकर शीशा नीचे करने को कहा। जब उसने गाड़ी का शीशा नीचे किया तो उनमें से एक युवक ने जबरन गाड़ी का दरवाजा खोलने की कोशिश की और उसे जबरन गाड़ी से बाहर खींचने की कोशिश करने लगा। दूसरे युवक ने उस पर तेजधार चाकू तान दिया और कहा कि उसके पास जो कुछ है, उसके हवाले कर दिया। युवक ने उसके गले पर चाकू लगाकर उसकी जेब से करीब 10 हजार रुपये निकाल लिया और शोर मचाने पर गला काटने की धमकी दी। इसके बाद दूसरे युवक ने सीट पर रखा उसका मोबाइल फोन उठा लिया और बाद में फरार हो गए। इस पर उसने गाड़ी लेकर युवकों का पीछा भी किया लेकिन आरोपी भागने में कामयाब रहे। इस पर उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई।

---

# आज रतिया पहुंचेगी जन संदेश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया


**रतिया।** पत्रकारों से वार्ता करते हुए पूर्व प्रदेश सचिव सुरेन्द्र वर्तिया व अन्य।

- पूर्व प्रदेश सचिव सुरेन्द्र वर्तिया ने कहा कि यात्रा का जोरदार स्वागत किया जाएगा

कांग्रेस की पूर्व सांसद एवं हरियाणा प्रदेश की पूर्व अध्यक्षा कुमारी शैलजा द्वारा हरियाणा में आरंभ की गई कांग्रेस की जनसंदेश यात्रा 29 जनवरी को रतिया में पहुंचेगी। उनका स्वागत करने के लिए रतिया में भारी जनसैलाब उमड़ेगा। यह दावा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव सुरेन्द्र वर्तिया ने महाराजा होटल में पत्रकारों से वार्ता करते किया। इस दौरान उनके साथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव मंगतराम लालवास, अमरदीप बराड़, परमजीत कौर, सतबीर सिंह सहित अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे। पूर्व प्रदेश सचिव ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष कुमारी शैलजा, रणदीप सुरजेवाला व किरन चौधरी सहित वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं द्वारा प्रदेश की जनता को भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों से न्याय दिलाने, प्रदेश की जनता की समस्याओं को सुनने को लेकर जन संदेश यात्रा निकाली है। यह यात्रा 29 जनवरी सोमवार को क्षेत्र के गांव हमजापुर से होते हुए रतिया शहर में प्रवेश करेगी तथा दोपहर एक बजे बड़ी नहर के पास एक जनसभा को संबोधित करेंगी। पूर्व प्रदेश महासचिव मंगतराम लालावास व अमरदीप बराड़ ने बताया कि आमजन में कुमारी शैलजा व अन्य वरिष्ठ नेताओं के आगमन व उनका स्वागत करने को लेकर भारी उत्साह है। उन्होंने कहा कि लोगों से मिल रहा प्यार व सम्मान व लोगों में अपने नेता के प्रति जोश देख कर लग रहा है कि ये यात्रा व रतिया में होने वाली जनसभा एक नया इतिहास रचेगी। उन्होंने बताया कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य है कि देश व प्रदेश की मौजूदा सरकार को चलता करना व कांग्रेस की सरकार लाना है।

---

### शिविर में 32 लोगों ने किया रक्तदान

**सिरसा।** लॉयंस क्लब सिरसा द्वारा शिव शक्ति ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर लगाया गया, जिसमें क्लब पदाधिकारियों व सदस्यों सहित शहर के गणमान्य लोगों ने रक्तदान किया। विवेक बंसल ने बतौर प्रोजेक्ट चेयरमैन शिविर की अध्यक्षता की, जिसमें 32 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। शिविर में अपने वक्तव्य में क्लब अध्यक्ष डॉ. एसपी शर्मा ने कहा कि रक्तदान महादान है, इससे किसी के अमूल्य जीवन को बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को रक्तदान करने हेतु आगे आना चाहिए। अध्यक्ष डॉ. एसपी शर्मा व कोषाध्यक्ष नकुल मोहंता मौजूद सभी रक्तदानियों का आभार व्यक्त किया। रक्तदानियों को प्रशस्ति पत्र देकर नवाजा गया।

---

पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया

# स्नैचिंग का आरोपित गिरफ्तार, जिले में दस वारदातें करने की बात कबूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



चोरी और स्नैचिंग मामलों में कार्यवाही करते हुए सदर टोहाना पुलिस टीम ने एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात मे प्रयोग मोटरसाइकिल व छीना गया मोबाइल बरामद कर लिया है। गिरफ्तार किए युवक ने अपना नाम रवि निवासी गांव चंदड़ कलां बताया है। थाना सदर प्रभारी देवीलाल ने बताया कि आरोपी को आज कोर्ट ने पेश किया जाएगा जहां से आरोपी द्वारा कबूल की गई वारदतों बारे पूछताछ, बरामदगी तथा वारदात मे शामिल उसके साथी की पहचान कर उसे भी गिरफ्तार किया जाएगा।

थाना प्रभारी ने बताया कि सदर टोहाना पुलिस ने गांव गुल्लरवाला निवासी के एक व्यक्ति की शिकायत पर मोबाइल छीनने बारे मामला दर्ज किया था। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह हेयर सैलून की दुकान करता है। जब वह अपने घर से दुकान पर आ रहा था तो उसी समय दो बाइक सवार युवक मेरा मोबाइल फोन छीन कर ले गए। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है।

#### चंदड़ कलां ने किया काबू

इस मामले की कार्यवाही करते हुए टोहाना सदर पुलिस ने आरोपी को गांव चंदड़ कलां से से गिरफ्तार कर कोर्ट से एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। रिमांड के दौरान आरोपी से छीना गया मोबाइल फोन को बरामद कर लिया। पुलिस ने जब आरोपी से गहनता से पूछताछ की तो उसने चोरी, स्नैचिंग की अन्य 10 वारदातों का ओर खुलासा किया। पुलिस आरोपी को आज फिर कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान आरोपी ने कबूल की गई वारदातों बारे गहनता से पूछताछ, उसके साथी की गिरफ्तारी व चोरी व छिने गए समान को बरामद किया जाएगा। पुलिस प्रवक्ता का दावा है कि पुलिस टोहाना क्षेत्र में लगातार चोरी, स्नैचिंग वारदात करने वालों पर शिकंजा कस रही है। बीते एक सप्ताह में पिछले समय हुई चोरी व स्नैचिंग की 35 से अधिक वारदातों में आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी व छिना गया सामान को बरामद कर चुकी है। आरोपी ने अपने साथी के साथ मिलकर अधिकतर वारदाते टोहाना, भूना व फतेहाबाद में करनी बताई है।

---

# अगली सरकार कांग्रेस की बननी तयः बराड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डबवाली

कुमारी शैलजा के नेतृत्व में चल रही कांग्रेस संदेश यात्रा के सिरसा कार्यक्त्रम में उमड़ी भीड़ ने यह साबित कर दिया है कि लोगों का विश्वास कांग्रेस पार्टी के साथ है और प्रदेश में अगली सरकार कांग्रेस पार्टी की ही बनेगी।

यह बात वरिष्ठ कांग्रेस नेता जग्गा सिंह बराड़ ने आज एक प्रेस वार्ता के दौरान कहीं। गौरतलब है कि जग्गा सिंह बराड़ की अगवाई में ही डबवाली से सैकड़ो कार्यकर्ताओं का विशाल काफिला सिरसा के आयोजन में शामिल हुआ था। जग्गा सिंह बराड़ ने कहा की यहां उमड़ा जनसैलाब बता रहा है कि जनता का भरोसा कांग्रेस के साथ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे एवं राहुल गांधी का संदेश इस यात्रा के माध्यम से जन-जन तक पहुंच रहा है। बराड़ ने कहा की प्रदेश की जनता इस मौजूदा सरकार की जनविरोधी नीतियों से परेशान है। आम लोगों का जीना दुभर हो गया है। गरीब, किसान,व्यापारी व मजदूर मौजूदा सरकार की नीतियों से बेहद दुखी है। ऐसे में प्रदेश की जनता बदलाव चाहती है। उन्होंने कहा कि सिर्फ कांग्रेस पार्टी ही जनता को एक स्वच्छ व साफ शासन प्रदान करने वाली पार्टी है।

---

### कार्यक्रम में बच्चों को आमंत्रित किया गया

# पीएम से परीक्षा पे चर्चा में संवाद करेगी तनिशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चोपटा



**सिरसा।** परीक्षा पे चर्चा को लेकर दिल्ली पहुंची छात्रा तनिशा।

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नाथूसरी कलां की छात्रा तनिशा 29 जनवरी को परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम 2024 के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संवाद करेंगी। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को गणतंत्र दिवस एवं बीटिंग दा रिट्रीट समारोह में विशेष तौर पर आमंत्रित किया गया। सभी बच्चों को प्रधानमंत्री संग्रहालय, बाल भवन, रेल भवन, कर्तव्य पथ, इंडिया गेट का भ्रमण करवाया गया। इस दौरान तनिशा ने डीडी न्यूज, इंडिया टीवी जैसे कई न्यूज चैनल से रूबरू होकर अपनी बात रखी। सभी बच्चों के लिए यह कार्यक्रम बहुत ही उत्साहित करने वाला एवं ज्ञानवर्धक है। स्कूल प्राचार्य सतबीर ढिढारिया ने बताया कि वे गौरवान्वित हैं कि हमारे विद्यालय की छात्रा इस राष्ट्रीय कार्यक्रम में प्रतिभागी बनकर प्रधानमंत्री से सीधा संवाद करेगी। सीधे संवाद कार्यक्रम में शामिल होने पर विभिन्न संगठनों विद्यालय एसएमसी कमेटी, ग्राम पंचायत नाथूसरी कलां की सरपंच रीटा कासनिया, सरपंच प्रतिनिधि जगतपाल कासनिया, सीएम विंडो एनिमेंट पर्सन अनिल कासनिया, भरत सिंह कासनिया, प्रवक्ता सुरेश शर्मा, पवन गहलोत ब्लॉक समिति मेंबर, नंबरदार कृष्ण कासनिया, आईटीआई के पूर्व प्राचार्य पालाराम कासनिया, पूर्व सरपंच शकुंतला कासनिया, नंबरदार भूप सिंह, पूर्व सरपंच दीपा रानी, नरेंद्र कासनिया, बलराम कासनिया, राधा कृष्ण बेनीवाल, बालाजी सेवा समिति के प्रधान सुभाष बेनीवाल, रघुवीर कड़वासरा, प्रकाश सुथार, संत पूर्णदास सहित विभिन्न सामाजिक संगठन निफा, मातृभूमि वेलफेयर सोसाइटी, नेहरू युवा केंद्र संगठन, विभिन्न युवा क्लबों सहित अन्यों ने बधाई दी है।

---

### दुकान से पांच हजार रुपये चोरी, केस

**सिरसा।** शहर की चत्तरगढ़ पट्टी में एक दुकान से करीब पांच हजार रुपये की नकदी चोरी होने की घटना सामने आई है।

पुलिस ने दुकान मालिक की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दर्ज करवाई शिकायत में इमरती देवी ने बताया कि बीती 27 जनवरी दोपहर को वह अपनी दुकान पर थी। इसी दौरान एक अज्ञात युवक कुछ सामान लेने के लिए दुकान पर आया और उसे बातों में उलझा लिया। जब वह सामान देने लगी तो पीछे से दुकान के गल्ले में रखे करीब 5 हजार रुपये चोरी कर भाग गया। कुछ देर बाद उसे पता चला तो वह बाहर आई और शोर मचाया, लेकिन युवक फरार में होने में कामयाब रहा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9653530207, 9253681005